वर्ष 24, अंक 171, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज मंगलवार 30 दिसंबर 2025

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## कांग्रेस ने सालों तक आंखें मूंदी, अब हो रही कार्रवाई

**असम**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने असम के नागांव जिले में बटाद्रवा सांस्कृतिक परियोजना का उद्घाटन करते हुए भारत रत्न गोपीनाथ बोरदोलोई की विरासत को याद किया और कहा कि उनके प्रयासों के बिना असम और पूरा पूर्वोत्तर भारत का हिस्सा नहीं रह पाता। महापुरुष श्रीमंत शंकरदेव की जन्मभूमि, पुनर्निर्मित बटाद्रवा थान में बोलते हुए शाह ने कहा कि आज मैं भारत रत्न गोपीनाथ जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे न होते, तो असम और पूरा पूर्वोत्तर आज भारत का हिस्सा न होता। गोपीनाथ जी ही थे जिन्होंने जवाहरलाल नेहरू को असम को भारत में रखने के लिए बाध्य किया। बातद्रवा थान के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए, शाह ने इसे असमिया समाज में एकता और सद्भाव का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पूजा स्थल नहीं है, बल्कि असमिया सद्भाव का जीवंत प्रतीक है। सभी समुदाय यहां 'नव-वैष्णव धर्म' को आगे बढ़ाने के लिए आते हैं। उन्होंने श्रीमंत शंकरदेव द्वारा प्रचारित समावेशी वैष्णव परंपरा का जिक्र किया। असम सरकार द्वारा शुरू की गई बटाद्रवा सांस्कृतिक परियोजना का उद्देश्य इस पवित्र



स्थल को विश्व स्तरीय आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित करना है। अतिक्रमण मुक्त कराई गई 162 बीघा भूमि पर फैली इस परियोजना को लगभग 217 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया गया है। इसके साथ ही अमित शाह जोर देते हुए कहा कि भाजपा पूरे देश से सभी घुसपैठियों को हटाने का संकल्प लेती है...क्या शंकरदेव की इस जगह पर बांग्लादेशी घुसपैठियों का होना उचित था? मैं हिमंता बिस्वा शर्मा को घुसपैठियों को यहाँ से हटाने और नामघर स्थल को पुनः स्थापित करने के लिए बधाई देता हूँ। एक लाख बीघा से अधिक भूमि घुसपैठियों से मुक्त कराई गई है। कांग्रेस ने इतने वर्षों तक शासन किया, लेकिन उसने असम आंदोलन के लिए प्राणों की आहुति देने वालों के लिए कुछ नहीं किया।

असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि यह पहल असम की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रदर्शित करने में सहायक होगी, साथ ही राज्य के पूजनीय वैष्णव संत, समाज सुधारक और सांस्कृतिक प्रतीक श्रीमंत शंकरदेव के आदर्शों को बढ़ावा देगी। यह परियोजना पारंपरिक असमिया सौंदर्यशास्त्र को आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ मिलाकर एक व्यापक आध्यात्मिक और सांस्कृतिक परिसर का निर्माण करती है। इस परियोजना की प्रमुख विशेषताओं में विश्व का सबसे ऊंचा गुरु आसन, सत्तरिया संस्कृति से प्रेरित अतिथि गृह, पारंपरिक झांझ के आकार में निर्मित कला केंद्र, खोल (ढोल) के मॉडल पर आधारित अनुसंधान केंद्र, नाव के आकार का कौशल विकास केंद्र और पारंपरिक असमिया जापी की तर्ज पर निर्मित रंगमंच शामिल हैं।

## 'CBI नहीं कर रही सहयोग', वे हमारी उम्मीदों पर खरा उतरे

### उन्नाव रेप पीड़िता के वकील महमूद प्राचा का बड़ा आरोप, कहा- वे हमारी

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार (29 दिसंबर 2025) को दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें 2017 के उन्नाव रेप मामले में कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद की सजा को निलंबित कर दिया गया था.

सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने सेंगर को नोटिस जारी कर सीबीआई की उस याचिका पर जवाब मांगा जिसमें हाई कोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है. इस बीच पीड़िता के वकील महमूद प्राचा ने जांच एजेंसी पर सवाल उठाए हैं.

**CBI नहीं कर रही सहयोगः महमूद प्राचा**

महमूद प्राचा ने कहा कि सीबीआई अभी भी सहयोग नहीं कर रही है. न्यूज एजेंसी एएनआई से बात करते हुए पीड़िता के वकील ने कहा, 'हमें लग रहा था कि सीबीआई हमें चीजें छिपाएगी और उन्होंने ऐसा किया. उन्होंने कल रात तक कॉपी रोके रखी. यह न सिर्फ इस केस में, बल्कि हाथरस केस में भी एक स्ट्रैटेजी रही है.'

**कुलदीप सेंगर को फांसी की सजा मिलाः पीड़िता**



पीड़ित परिवार ने सुप्रीम कोर्ट के स्टे ऑर्डर पर खुशी जताई है. पीड़िता ने कहा, 'मैं कोर्ट के फैसले से बहुत खुश हूं. सुप्रीम कोर्ट से मुझे न्याय मिला और पूरा भरोसा है कि आगे भी मिलता रहेगा. मैं इस लड़ाई को लगातार लड़ती रहूंगी और यह सुनिश्चित करूंगी कि उसे फांसी की सजा मिले तभी हमारे परिवार को सच्चा न्याय मिलेगा. मैं उन सभी की आभारी हूं जो मेरे साथ खड़े रहे और मुझे न्याय दिलाने में मदद की. मेरे पिता की आत्मा को तभी शांति मिलेगी, जब कुलदीप सिंह सेंगर को फांसी होगी.'

**बिना दवाब के काम करे कानूनः कुलदीप सेंगर की बहन**

इस बीच कुलदीप सेंगर की छोटी बेटी इशिता सेंगर ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि उनका परिवार पिछले आठ सालों से चुपचाप न्याय का इंतजार कर रहा है और उसने कानून और संस्थानों पर अपना भरोसा बनाए रखा है. उन्होंने लिखा कि उनकी पहचान सिर्फ एक बीजेपी विधायक की बेटी तक सीमित हो गई है ।

## राजधानी दिल्ली में साहित्यिक परिचर्चा, विनोद कुमार शुक्ल को किया याद

**नई दिल्ली। राजधानी** दिल्ली में आयोजित साहित्यिक परिचर्चा में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात साहित्यकार विनोद कुमार शुक्ल के रचना-कर्म और साहित्यिक अवदान को याद किया गया। इस अवसर पर साहित्य उत्सवों की प्रासंगिकता पर भी गहन संवाद स्थापित किया गया। रायपुर में 23- 25 जनवरी को आयोजित होने वाले साहित्य उत्सव 2026 के परिप्रेक्ष्य में राजधानी दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में साहित्यिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर साहित्य उत्सव की वैचारिक दिशा को विस्तार देने के साथ साथ साहित्य से जुड़े ज्वलंत प्रश्नों पर सार्थक चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ सच्चिदानंद जोशी ने विनोद कुमार शुक्ल से अपनी पहली मुलाकात को याद करते हुए कहा कि इतने बड़े साहित्यिक व्यक्तित्व से मिलने की अपेक्षा कुछ और थी, लेकिन जब वे उनसे मिले तो अत्यंत आश्चर्य हुआ कि वे कितने सरल और सहज हैं। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत आत्मीयता से भरी होती थी, जिसमें कहीं भी कोई अतिरेक नहीं होता। बिना लाग-लपेट के वे सीधे और स्पष्ट शब्दों में अपनी बात कहते यही उनकी व्यक्तित्व और लेखन की सबसे बड़ी विशेषता थी।

## "पूर्वोत्तर के लोग भारतीय हैं, चीनी नहीं"




**त्रिपुरा**

**कांग्रेस** सांसद गौरव गोगोई ने सोमवार को देहरादून में त्रिपुरा के छात्र एंजेल चकमा की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की और भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोगों के साथ होने वाले भेदभाव को उजागर किया। दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए, गोगोई ने एंजेल की मौत के कारणों का ब्योरा दिया और अधिकारियों की धीमी प्रतिक्रिया की आलोचना की। गोगोई ने कहा कि एंजेल चकमा गालियों को सहकर वहां से जा सकते थे और शायद आज भी जीवित होते। लेकिन उस दिन उनका धैर्य टूट गया और उन्होंने ताना मारने वालों का सामना किया। माफी मांगने के बजाय, पांच लोगों ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। उन्होंने 14 दिनों तक संघर्ष किया लेकिन अंततः चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। गोगोई ने आगे कहा कि एंजेल के परिवार वालों ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई नहीं की और छात्रों के विरोध प्रदर्शन के बाद ही कार्रवाई की गई, तब तक मुख्य आरोपी फरार हो चुका था। उन्होंने कहा कि उनके परिवार वालों ने बताया कि पुलिस ने उतनी तत्परता नहीं दिखाई जितनी दिखानी चाहिए थी, लेकिन जब छात्रों ने विरोध किया तो आखिरकार कार्रवाई हुई, लेकिन तब तक मुख्य आरोपी फरार हो चुका था।

गोगोई ने आगे चिंता व्यक्त करते हुए पूछा, क्या इसी तरह की घटनाएं अन्य जगहों पर भी हो रही हैं, जहां पूर्वोत्तर के लोगों के साथ इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है? उन्होंने आगे कहा कि पूर्वोत्तर के लोग भारतीय हैं।

## कांग्रेस-उद्धव गुट की जुगलबंदी, बीजेपी को मिलेगी कड़ी चुनौती?



**पुणे**

**शिवसेना** (उद्धव ठाकरे गुट) और कांग्रेस ने सोमवार को पुणे में आगामी नगर निगम चुनावों में संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए गठबंधन की आधिकारिक घोषणा की। यह घोषणा वरिष्ठ नेताओं सतेज पाटिल और सचिन अहीर ने की। प्रारंभिक सीट-बंटवारे की व्यवस्था के अनुसार, कांग्रेस पुणे नगर निगम (पीएमसी) की 160 सीटों में से 60 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना 45 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी।

दोनों पक्षों के नेताओं ने कहा कि शेष 55 सीटों के आवंटन को लेकर दोनों पार्टियों के बीच बातचीत जारी है और आने वाले दिनों में सीट बंटवारे को लेकर और स्पष्टता आने की उम्मीद है। रविवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने आगामी पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और एनसीपी (शरद चंद्र पवार गुट) के बीच गठबंधन की घोषणा की। दोनों गुटों के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की घोषणा करते हुए अजीत पवार ने कहा कि यह गठबंधन परिवार के पुनर्मिलन का प्रतीक है।

आज पिंपरी-चिंचवाड़ में एक चुनावी रैली के दौरान उन्होंने कहा कि पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देते समय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद चंद्र पवार गुट ने पिंपरी-चिंचवाड़ में साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया।

## बीएमसी चुनावों के लिए मुंबई कांग्रेस की पहली सूची

### 87 उम्मीदवारों का ऐलान, राज ठाकरे की बढ़ा दी टेंशन!

**महाराष्ट्र**

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस ने सोमवार को आगामी बृहन्मुंबई नगर निगम चुनावों के लिए 87 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। इटउ सहित महाराष्ट्र के सभी नगर निगमों के चुनावों के लिए मतदान 15 जनवरी को होगा। परिणाम 16 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। इसमें माहिम विधानसभा सीट के तहत आने वाली वार्ड नंबर 192 भी शामिल है। सूत्रों की मानें तो इस सीट से राज ठाकरे ने अपना उम्मीदवार उतारने का फैसला किया है।



कांग्रेस और प्रकाश अंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी ने गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया है और रविवार को सीटों के बंटवारे पर सहमति बन गई है। दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच कई दौर की चचाओं और बैठकों के बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। बीएमसी की 227 सीटों में से कांग्रेस 165 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। वहीं, वीबीए 62 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस महा विकास अघाड़ी का हिस्सा है, जिसमें उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना-यूबीटी और शरद पवार के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गुट भी शामिल हैं।

बीएमसी चुनावों के लिए, शिवसेना-यूबीटी ने राज ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ गठबंधन किया है।

## नमो भारत कॉरिडोर की सुरक्षा में यूपी एसएसएफ को मिलेगा सीआईएसएफ का 'कवच', शुरू हुआ विशेष प्रशिक्षण

**नई दिल्ली**

**भारत** की अगली पीढ़ी के तीव्र पारगमन अवसंरचना के लिए सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के अंतर्गत नमो भारत कॉरिडोर पर तैनात किए जाने वाले उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) के कर्मियों के लिए छह दिवसीय विशेष एक्स-बीआईएस और सुरक्षा उपकरण संचालन पाठ्यक्रम शुरू किया है। उद्घाटन बैच में कमांडेंट रैंक के एक अधिकारी सहित कुल 40 यूपी एसएसएफ कर्मी भाग ले रहे हैं। एनसीआरटीसी ने शुरू में 240 कर्मियों के प्रशिक्षण का अनुरोध किया है, जो नमो भारत कॉरिडोर के विशाल आकार और रणनीतिक महत्व को दशार्ता है।

नमो भारत कॉरिडोर भारत की पहली अर्ध-उच्च गति क्षेत्रीय रेल प्रणाली है जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के प्रमुख शहरी केंद्रों को जोड़ती है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल इकाई (सीआईएसएफ) डीएमआरसी के प्रशिक्षण कक्ष कवच में शुरू हो गया है, जो मेट्रो रेल और मास रैपिड ट्रांजिट सुरक्षा में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध एक प्रमुख संस्थान है। अपने प्रशिक्षण कक्ष "कवच" के माध्यम से, सीआईएसएफ मेट्रो और शहरी परिवहन सुरक्षा प्रशिक्षण में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी बन गया है। यह कक्ष दिल्ली मेट्रो रेल निगम में तैनात सीआईएसएफ सुरक्षाकर्मियों के लिए प्रमाणित पाठ्यक्रम संचालित करता है; संसद भवन परिसर जैसी संवेदनशील इमारतों के लिए आंतरिक सुरक्षाकर्मी प्रमाणन कार्यक्रम चलाता है।

## 'मैं खुद बनवाऊंगी गंगासागर में पुल, 5 जनवरी को इसकी नीव रखूंगी

### केंद्र सरकार पर आरोप लगा ममता बनर्जी ने कर दिया बड़ा ऐलान

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता में एक सभा को संबोधित करते हुए बड़ा बयान दिया है. उन्होंने खुद से गंगासागर पुल बनवाने की बात कही है. सीएम बनर्जी ने सोमवार को न्यू टाउन में दुर्गा आंगन का शिलान्यास किया. उन्होंने कहा कि दुर्गा आंगन के निर्माण से रोजगार पैदा होगा. अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा.



**'मुझे भारत से प्यार है, सभी धर्मों से प्यार है'**

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि कई लोगों ने कहा है कि मैं तुष्टीकरण कर रही हूं, लेकिन मैं धर्मनिरपेक्ष हूं. सभी धर्मों में विश्वास करती हूं. मुझे बंगाल से प्यार है. मुझे भारत से प्यार है. हम सभी जातियों और सभी धर्मों से प्यार करते हैं. यही हमारी विचाराधारा है.

> ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के न्यू टाउन में दुर्गा आंगन का शिलान्यास किया. यह मंदिर 15 एकड़ में बनेगा. सरकार इसके लिए 263 करोड़ का फंड जारी करेगी.

**केंद्र से कहा था, लेकिन अब खुद बनवाऊंगी गंगासागर पुलः ममता**

उन्होंने कहा, 'हर व्यक्ति का अपना लोकतांत्रिक अधिकार है. मैं केंद्र सरकार से गंगासागर में पुल बनवाने की कोशिश कर रही थी, लेकिन अब मैं इसे खुद बनवाऊंगी. मैं 5 जनवरी को इसकी नीव रखूंगी. अगले दो सालों में यह पुल जनता के लिए तैयार हो जाएगा. जनवरी के दूसरे हफ्ते में हम सिलीगुड़ी में महाकाल मंदिर की नींव रखने जा रहे हैं.'

**'मैं सभी धर्मों को कार्यक्रम में जाती हूं'**

उन्होंने कहा, मैं सभी धर्मों के कार्यक्रमों में शामिल होती हूं. जब मैं गुरुद्वारा जाती हूं, तो कोई सवाल नहीं उठता. अगर मैं ईद के कार्यक्रम में जाती हूं तो कुछ लोगों को आपत्ति होती है.

**न्यू टाउन दुर्गा आंगन का शिलान्यास**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कोलकाता के न्यू टाउन में दुर्गा आंगन का शिलान्यास किया. यह मंदिर करीबन 15 एकड़ में बनेगा. ममता सरकार ने इसके लिए 263 करोड़ का फंड जारी करेगी. यह अगले दो साल में पूरा होगा. शहीदी दिवस के दिन ममता बनर्जी ने मां दुर्गा को समर्पित मंदिर बनाने का ऐलान किया था।

## स्वस्थ शरीर से ही समृद्ध राष्ट्र संभव

### सीएम योगी ने खेलों और योग के महत्व पर दिया जोर

**गोरखपुर**

**देश** भर में खेल अवसंरचना में हुए सुधारों की सराहना करते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले 11 वर्षों में खेल प्रतियोगिताओं में आए महत्वपूर्ण बदलाव पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री योगी ने गोरखपुर में एक सभा को संबोधित करते हुए खेलों में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर बल दिया और कहा कि जब वे खेलेंगे, तभी देश समृद्ध होगा। उन्होंने आगे कहा कि स्वस्थ शरीर केवल खेलों, योग और योगाभ्यास के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज पिछले 11 वर्षों में खेल प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण बदलाव आया है। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक गांव में एक खेल का मैदान होना चाहिए। जब हमारे युवा खेलेंगे तभी देश समृद्ध होगा और विकसित भारत के सपने की शुरूआत यहीं से होगी... स्वस्थ शरीर केवल खेलों, योग और योगाभ्यास के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है। रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में एक धर्मशाला के पास बने रात्रि आश्रय का दौरा किया और जरूरतमंदों को कंबल और खाद्य सामग्री वितरित की।

मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री




ने कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में भीषण शीत लहर चल रही है और राज्य सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा, ह्लपूरे उत्तर भारत में भीषण शीत लहर चल रही है। उत्तर प्रदेश में चल रही भीषण शीत लहर को देखते हुए सरकार ने सभी जिला प्रशासनों को हर जिले में रात्रि आश्रय स्थापित करने और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की है। आज मुझे शहर के रात्रि आश्रयों का निरीक्षण करने और जरूरतमंदों को कंबल वितरित करने का अवसर मिला ह्व

गोरखपुर में शीत लहर राहत व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के 25 करोड़ निवासियों की सेवा और सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# माघ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीआरएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** माघ मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए डीआरएम वाराणसी आशीष जैन ने रविवार को प्रयागराज रामबाग और झूंसी रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। दोनों ही स्टेशनों के होल्डिंग एरिया में उन्होंने सीसीटीवी कैमरे बढ़ाए जाने के निर्देश दिए हैं। बनारस से विंडो ट्रेलिंग करते हुए झूंसी रेलवे स्टेशन पहुंचे और मेला यात्रियों की अनुमानित संख्या के अनुरूप यात्री सुविधाएं, दैनिक यात्रियों के लिए सामान्य आवागमन तथा स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने झूंसी स्टेशन पर माघ मेला के परिप्रेक्ष्य में चल रहे विभिन्न कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।साथ ही झूंसी स्टेशन पर ड्यूटी में कर्मचारियों को मिलने वाले कंबल, चादर और बेड रोल को भी देखा। इसके बाद वह मेला कंट्रोल रूम को देखते हुए प्रयागराज रामबाग स्टेशन पहुंचे। एडीआरएम अजय सिंह के साथ उन्होंने रामबाग स्टेशन के प्लेटफॉर्म, यात्री आश्रय स्थल, फुट ओवर ब्रिज, प्रतीक्षालय, यूटीएस व पीआरएस, टिकट काउंटरों का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. नीरज कुमार, विकास कुमार सिंह, आयुष कुमार सिंह, अभिषेक राय, अनुभव पाठक, एस रामाकृष्णन, रजत प्रिय आदि रहे।



## क्रिसमस मिलन 2025 बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**प्रयागराज।** रोमन कैथोलिक डायोसिज ऑफ इलाहाबाद ने दिन रविवार को सेंट जोसेफ कॉलेज प्रयागराज ने वार्षिक क्रिसमस मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना के साथ हुआ। एवं खुशनुमा क्रिसमस कैरल्स की प्रस्तुति की गई। इलाहाबाद के विशप , मोस्ट रेवरेंड लुईस मस्करेनहास के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिक प्रशासन, न्यायपालिका, विधायिका, प्रेस एवं मीडिया और शहर के विभिन्न अधिकारियों सहित विशिष्ट अतिथि एकत्रित हुए। इस दौरान मोस्ट रेवरेंड लुईस मस्करेनहास ने शांति सेवा सद्भावना के मूल्यों को दशार्ते हुए एक विशेष क्रिसमस संदेश दिया। किस दौरान बिशप मस्करेनहास नए अतिथियों के निरंतर सहयोग और समर्थन के लिए हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की। तत्पश्चात एक रुचिकर आहीटी के साथ उत्सव का माहौल और आनंदमय हो गया। जिसे आपसी वातालर्प एवं संवाद का एक सहज अवसर प्रदान कर कार्यक्रम के समापन को सार्थक बना दिया।

## न्यूज झरोखा

### मनचले युवक को युवती के साथ छेड़खानी करना पड़ा महंगा

**पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर भेजा जेल**

**करछना प्रयागराज।** कौंधियारा थानाक्षेत्र अंतर्गत एक गाँव की युवती को रास्ते में रोक कर मनचला युवक छेड़खानी करने लगा युवती के विरोध करने पर मनचले युवक ने युवती के साथ मारपीट पर आमादा हो गया और युवती की स्कूटी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सुचना कौंधियारा पुलिस को दी गई। पुलिस ने मनचले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुटी है। युवती ने कौंधियारा पुलिस को लिखित शिकायत पत्र देकर बताया की 26 दिसंबर दिन शुक्रवार 2:30 बजे दिन में अपनी माँ के लिये दवा लेने करछना जा रही थी कि जैसे पटेल नगर अकोढ़ा नहर पुलिया के पास पहुंची थी कि गाँव का करन शर्मा पुत्र शिव जी शर्मा अपनी मोटर साइकिल से आकर बुरी नीयत से घूरने लगा विरोध करने पर युवक ने भद्दी भद्दी गाली देते हुये लात घुसे से मारने पीटने लगा और स्कूटी को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। युवती ने अपने मोबाइल फोने से फोन करने लगी तो युवक ने उसका फोन छीन लिया। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग युवक को दौड़ा लिये इतने में युवक बाइक लेकर फरार हो गया। युवती ने घटना की शिकायत कौंधियारा पुलिस से की पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर युवक के खिलाफ शांति भंग का चालान कर दिया। वहीं एसीपी बारा ने मनचले युवक पर सख्त कार्यवाही करते हुये युवक को रिमांड पर लेकर जेल भेज दिया। थानाप्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया की मामला छेड़खानी का है, जिसमें जाँच प्रचलित है। जांचोपरांत धारा की बढ़ोत्तरी कर युवक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### एप्पल किड्स कान्वेंट स्कूल व एप्पल कंप्यूटर एजुकेशन का वार्षिक समारोह संपन्न



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में एप्पल किड्स कान्वेंट स्कूल व एप्पल कंप्यूटर एजुकेशन का वार्षिक समारोह कर्मा स्थित स्कूल कैंपस में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्कूल परिसर को रंग-बिरंगी लाइटिंग और फूलों से सजाया गया। विद्यालय के प्रबंधक मेवालाल की बगिया नैनी निवासी सुरेश चंद्र विश्वकर्मा ने सभी अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों का धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने बच्चों के आत्मविश्वास को और बढ़ाया तथा सांस्कृतिक विविधता का सुंदर मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में कक्षा प्राथमिक से लेकर उच्चतर कक्षाओं तक के छात्रों ने नृत्य, संगीत और नाटक की प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। अनूप पटेल यश अर्पित दिव्यांशी अंकित मान्या गरिमा निष्बा आदि छात्रों ने प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। आदर्श शर्मा एवं आदित्य ने एंकरिंग का काम किया वहीं गौरी ज्योति एवं उन्नति ने मन मोहक नृत्य प्रस्तुत करते हुए लोगों का मन मोहा। समापन समारोह में सुमन स्कूल से आए राजू सर ने एवं प्रबंधक ने बच्चों को और शिक्षकों अन्नू वर्मा राहुल जायसवाल अंजली गौतम साधना को पुरस्कार वितरित किया गया।

# खेल महोत्सव में छात्राओं ने बिखेरा जलवा, अंजली वर्मा रहीं प्रथम

**उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंजली वर्मा को प्रथम, आरती सिंह को द्वितीय तथा मानसी पांडे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ**

**अखंड भारत संदेश**




**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ के शिक्षक नगर मोहल्ले में आयोजित खेल महोत्सव के अंतर्गत डांस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर अंजली वर्मा को प्रथम, आरती सिंह को द्वितीय तथा मानसी पांडे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। वहीं रक्षा वर्मा और श्रुति विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत राधाझकृष्ण नृत्य को दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर तालियां बजीं। इसके अतिरिक्त छात्राएं सोनिका, रीता देवी सहित कई अन्य प्रतिभागियों ने भी मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर आयोजन को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष उमा वर्मा, समाजसेवी सविता सिंह, तथा करिया खुर्द की प्रधान सुनीता सिंह उपस्थित रहीं। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिमा श्रीवास्तव ने सभी छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं डॉ. विवेक श्रीवास्तव (डायरेक्टर) ने कहा कि इस प्रकार के महोत्सव प्रतिवर्ष आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे छात्राओं की प्रतिभा को मंच मिलता रहे। इस अवसर पर अतुल श्रीवास्तव, अमित सिंह, हर्ष मिश्रा, रजत, कंप्यूटर शिक्षिका श्रुति केसरवानी, अनन्या केसरवानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# करछना ब्लॉक की सभी ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट संपन्न, प्रतिवेदन पर हुई विस्तृत समीक्षा

**अधिकारियों ने निर्देश दिया कि ऑडिट में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।**

**अखंड भारत संदेश**




करछना ब्लॉक कार्यालय में सोशल ऑडिट प्रतिवेदन की समीक्षा करते अधिकारी एवं कर्मचारी

**करछना।** जिलाधिकारी प्रयागराज के आदेश के क्रम में सोमवार को विकास खंड करछना की शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों में सोशल ऑडिट ग्राम सभा बैठकों की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में योजनाओं की प्रगति, व्यय और क्रियान्वयन को लेकर ग्राम सभाओं में सोशल ऑडिट किया गया।

सोशल ऑडिट कार्य पूर्ण होने के उपरांत विकास खंड स्तर पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी, ब्लॉक संसाधन व्यक्ति, ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के कर्मियों की उपस्थिति रही। बैठक में जिला सोशल ऑडिट कोऑर्डिनेटर ऊषा मौर्या, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर समशेर सिंह, राम कैलाश, रेखा, रन्नो, संगीता पाल, शशिकांत शुक्ल एवं सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) मौजूद रहे। बैठक के दौरान शत-प्रतिशत ग्राम पंचायतों के सोशल ऑडिट प्रतिवेदन के सारांश, निष्कर्ष एवं कमियों पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि ऑडिट में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। प्रशासन ने सोशल ऑडिट को ग्रामीण विकास योजनाओं में जनभागीदारी और निगरानी का महत्वपूर्ण माध्यम बताते हुए इसे नियमित रूप से प्रभावी ढंग से कराने पर जोर दिया।

# साहित्यकार व कुशल राजनीतिज्ञ के रूप में पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई ने की देश की सेवा : दिलीप पटेल

**अखंड भारत संदेश**




**सहसों।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई एक साधारण परिवार में पैदा हुए और संघ के स्वयं सेवक के रूप में कर्मठता के साथ काम किया तथा फि र जनसंघ में अपनी सेवाएं दी बाद में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने और एक महान कवि लेखक और साहित्यकार के साथ भारत की लोकतंत्र में नौ बार सांसद तथा दो बार राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए। 1957 में पहली बार वो सांसद बनकर राजनीतिक सफर शुरू करते हुए तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने और देश के विकास को एक नई गति दिया। उक्त बातें सोमवार को छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत अटल स्मृति अभियान सम्मेलन में मुख्य अतिथि काशी क्षेत्र भाजपा अध्यक्ष दिलीप पटेल कहा। गहन मतदाता पुनरीक्षण प्रपत्र पर चर्चा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इसी मतदाता लिस्ट से 20 साल तक चुनाव होंगे। 31 दिसंबर को नई वोटर लिस्ट आने पर उसका अवलोकन कर नए नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म 6, गलत नाम कटवाने के लिए फॉर्म 7 तथा नाम संशोधन के लिए फॉर्म 8 अवश्य भरवाएं। विशिष्ट अतिथि विधायक फूलपुर दीपक पटेल ने कहा कि अटल जी सरल और सहज व्यक्तितत्व के धनी थे। उनके द्वारा पार्टी और समाज के लिए किया गया योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि एसआईआर से महत्वपूर्ण कोई कार्य नहीं है। सूची प्रकाशन के बाद हमें अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। जब वोटर लिस्ट में नाम ही नहीं होगा तो वोट कैसे देंगे। इसलिए हर हाल में ए एस डी वोटर की पहचान कर उन्हें फॉर्म 6 भरावाकर वोटर लिस्ट में जोड़वाना है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पुष्पांजलि किया गया तथा वंदे मातरम गीत का गायन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि सहित अन्य अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंग वस्त्रम तथा स्मृति चिन्ह भेंटकर स्वागत व सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री जीत लाल त्रिपाठी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला प्रवासी हौंसला प्रसाद पाठक, मनोज निषाद, अरूण मिश्रा पिंटू नेता, जिला मीडिया प्रभारी उमेश तिवारी, लक्ष्मी कांत उपाध्याय, मृगेंद्र सिंह, ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह, विमलेश पटेल, बीडीओ सिंह, काशीनाथ दुबे, कमलेश मिश्रा, रोहित केशरी, सत्यम मिश्रा हिंन्दू, सचिन गोस्वामी, भूपेन्द्र मिश्रा, कपिल सिंह पटेल, फुजैल अहमद, राजधर द्विवेदी, शाश्वत तिवारी, मंडल अध्यक्ष पुष्कर पटेल, अनिल मौर्या, अतुल पांडेय, रोहित निषाद, अरविंद सरोज, आलोक गुप्ता, राकेश सिंह, पवन शुक्ला, विनय तिवारी, कृष्ण मूर्ति मिश्रा, सौम्या मिश्रा, प्रहलाद मोदनवाल, लक्ष्मी सिंह चंदेल, गुड़िया सिंह, पवन पांडेय, भूपेन्द्र पांडेय, प्रशांत सिंह, गुड्डू राजा आदि मौजूद रहे।

## बारी गांव में भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी राम गनेश मौर्य ने वितरित किए बैटबॉल, खुशी



बैटबॉल देकर सम्मानित करते भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य

**अखंड भारत संदेश**

**सोरांव।** सोरांव द्वितीय वार्ड नंबर 34 से भावी जिला पंचायत सदस्य, समाजसेवी व प्रधान पति राम गनेश मौर्य (गन्नू) मिस्त्री ने सोमवार बारी गांव के खेल मैदान में पहुंचकर बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद लिए तथा खिलाड़ियों को बैटबॉल देकर उनका उत्साह वर्धन किए। जिससे खिलाड़ियों में खुशी देखने को मिली।

सोरांव तहसील अंतर्गत बारी गांव में खिलाड़ियों को राम गणेश मौर्य भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी ने बैटबॉल का वितरण। मौर्य ने कहा कि इस बार वार्ड नंबर 34 से सभी सम्मानित मतदाताओं ने आशीर्वाद लेने आया हूं। यदि मतदाताओं का आशीर्वाद मिला तो जरूर जरूरत मंद लोगों को सरकार की सभी योजनाओं को पात्रों तक पहुंचाई जाएगी। मौके पर ग्रामीण सहित अंशु, विपेंद्र, विशेष, निखिल, सतेंद्र, रवि, दिलशाद, अंश, रवि किशन, संजय, ओम प्रकाश, कमल, मनीष एडवोकेट सहित अन्य लोग रहे।

# श्रीराम जानकी मंदिर जंघई में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**मुख्य वक्ता जिला प्रचारक प्रेम सागर ने हिंदू धर्म को आत्मसात करने की क्षमता पर बल दिया और मातृशक्ति की भूमिका एवं बच्चों में संस्कार देने की परंपरा पर प्रकाश डाला**

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** श्रीराम जानकी मंदिर जंघई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के तहत सोमवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता जिला प्रचारक प्रेम सागर जी ने हिंदू धर्म को आत्मसात करने की क्षमता पर बल दिया और मातृशक्ति की भूमिका एवं बच्चों में संस्कार देने की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि इसमें मातृशक्ति की भूमिका अहम है। आधुनिकता की दौड़ में बच्चों को संस्कृति से दूर न करने की अपील की गई, ताकि समाज संस्कारवान और सुदृढ़ बने। हिंदू सम्मेलन में मुख्य अतिथि तीर्थराज प्रयाग पीठाधीश्वर श्री सुदर्शनाचार्य जी महराज, महंथ चंद्रमा दास जी महराज, भाजपा नेता रमेश पांडेय, धीरज द्विवेदी, गरुण पांडेय, ब्रह्मा तिवारी, रमेश तिवारी, शेषमणि पांडेय, चंद्र प्रकाश तिवारी, अर्चना शुक्ला भाजपा नेत्री, बच्चन मिश्रा, सिंपी सिंह, गौरव सिंह, विकाश सिंह, बबलू सिंह, अशोक दुबे, सूरज मिश्रा, मोनू पांडेय , जय प्रकाश पाठक, संदीप तिवारी, आयुष, शैलेश पाठक, किशन पाठक, महावीर मिश्रा, नीरज यादव, सुधांशु, अजय यादव, रिंकू मिश्र, प्रभात मिश्र, पवन मिश्र आदि लोग आदि मौजूद रहे।

# बांग्लादेश सरकार हिंदुओं की हत्या करवा रही : मनेंद्र प्रताप सिंह

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** बांग्लादेश में हिंदू जनमानस पर हो रहे अत्याचार और दीपचंद दास की इस्लामिक कट्टरपंथी द्वारा जलाकर हत्या के विरोध में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा धनूपुर बाजार में बांग्लादेश के प्रधानमंत्री यूनुस खान का पुतला फूंका गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे हिंदू नेता मनेंद्र प्रताप सिंह एवं विहिप के प्रखंड मंत्री अनमोल ने कहा कि बांग्लादेश सरकार हिंदुओं को सुरक्षित न रखकर कट्टरपंथी का समर्थन कर रही है और हिंदुओं की निर्मम हत्या करवा रही है। प्रदर्शन में नितिन मिश्रा अंशु, अमित मिश्रा, ध्रुव पांडेय, राज पांडेय, हिमांशु मिश्रा, प्रियांशु उपाध्याय, अमन सिंह, महेश पंडित, अंकुश वारी एवन तमाम क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु की बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक सम्पन्न हुई। उद्योग बन्धु की बैठक में मो0 अकबम के विद्युत बिलों में अधिक ली गई धनराशि के समायोजन के प्रकरण का निस्तारण न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिशासी अभियन्ता विद्युत रानीगंज को निर्देशित किया कि स्वयं प्रकरण की जांच कर यथाशीघ्र निस्तारण करायें। सूर्य प्रताप सिंह डायरेक्टर कसागी प्राइवेट लिमिटेड सराय नाहर पोस्ट लक्ष्मीगंज मानधाता के इकाई स्थल के पास चौराहे के नवीनीकरण तथा नहर पुलिया के मरम्मत के प्रकरण पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग निर्माण खण्ड-2 के अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि सड़क के नवीनीकरण हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजा जाये व पुलिया निर्माण कार्य हेतु उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि सिंचाई विभाग से समन्वय स्थापित कर पुलिया निर्माण का कार्य कराया जाये तथा जल जमाव के निस्तारण हेतु बाधित नहर को खुलवाकर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। समिति के सदस्य रोशन लाल ऊमरवैश्य द्वारा अवगत कराया गया कि प्रयागराज में माघ मेला आयोजित होने वाला है जिसे देखते हुये यातायात की सुविधा हेतु चिलबिला बाईपास की स्थिति काफी खराब है जिसे ठीक कराने की आवश्यकता है जिस पर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारी को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि प्रतापगढ़ नगर के विभिन्न मार्गो पर कतिपय लोगो द्वारा मोरंग, बालू, गिट्टी आदि रखा गया है जिससे आवागमन में असुविधा हो रही है इसे तत्काल हटवाने की कार्यवाही करें यदि सम्बन्धित व्यक्ति स्वयं अपनी गिट्टी, मोरंग, बालू नही हटाता है तो गिट्टी/मोरंग को जब्त करने की कार्यवाही की जाये। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को निर्देशित किया कि शहर के कतिपय सकरी मार्गो पर जहां आवागमन अधिक रहता है उन मार्गो के प्रवेश प्वाइन्ट पर बैरीकेटिंग की व्यवस्था की जाये जिससे चार पहिया वाहन (विशेष परिस्थितियों को छोड़कर) न जाने पाये, इस व्यवस्था से शहर में जाम की स्थिति में सहुलियत होगी। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के सम्बन्ध में उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 1750 का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, योजना के तहत 4898 आवेदन पत्र प्राप्त हुये है और बैंकों को 3981 आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित किये गया है, बैंकों द्वारा 1159 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है तथा 1214 आवेदन पत्र वितरण की कार्यवाही की गयी है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी बैंक समन्वयकों को निर्देश देते हुये कहा कि बैंकों में जो भी लम्बित पत्रावलियां है तत्काल उस पर कार्यवाही करते हुये नियमानुसार वितरण की कार्यवाही की जाये, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। बैठक के अन्त में जिलाधिकारी ने उद्यमियों को आश्वस्त करते हुये कहा कि जो भी शिकायतें है उस पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ लाइन शिव नारायण वैश, उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी, एलडीएम नीरज सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं उद्यमी/व्यापारी मो0 अनाम, मंजीत सिंह छावड़ा के अलावा अन्यं उद्यमी/व्यापारी उपस्थित रहे।

## पति द्वारा मारपीट को लेकर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज।** पति द्वारा ससुराल पहुंचकर पत्नी तथा उसकी बहन के साथ मारपीट को लेकर उदयपुर पुलिस ने केस दर्ज किया है। उदयपुर थाना के पूरे गंगा अहीर बडहुंआ निवासिनी निशा यादव पत्नी अनिल यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस दिसंबर को वह अपने मायके मे मौजूद थी। इसी बीच उसका पति अनिल कुमार यादव पुत्र रामअभिलाष निवासी ग्राम देउम पूरब थाना सांगीपुर अपने ससुराल पहुंचा। तहरीर में कहा गया है कि पीडिता के पति ने अपनी सास से जमीन का बैनामा करने को कहा। मना करने पर आरोपी द्वारा पीड़िता व उसकी बहन मानसी के साथ मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी ने घर में रखी कुर्सी को तोडते हुए गालीगलौज के साथ जानलेवा धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा तोडफोड एवं धमकी का केस दर्ज किया है।

## न्यूज झरोखा

### जन औषधि केंद्र संचालक व मेडिकल स्टोर कर्मियों में मारपीट

**पट्टी।** आसपुर देवसरा के अमरगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब जन औषधि केंद्र के संचालक और एक निजी मेडिकल स्टोर के कर्मचारी के बीच विवाद के बाद मार-पीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। जन औषधि केंद्र संचालक का आरोप है कि मेडिकल स्टोर का कर्मचारी मरीजों को बरगलाकर अस्पताल से पर्चा लेकर महंगे दामों पर दवाइयां बेच रहा था, जबकि सरकार द्वारा जन औषधि केंद्र लोगों को सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोला गया है। आरोप है कि विवाद के दौरान मेडिकल स्टोर के कर्मचारियों ने जन औषधि केंद्र में घुसकर तोड़फोड़ की और वहां रखे नकदी भी उठा ले गए। वहीं, मेडिकल स्टोर कर्मचारी ने आरोप लगाया है कि वह दलित समुदाय से है और उसे जातिसूचक शब्दों से गालियां दी गईं तथा उसके साथ जमकर मारपीट की गई। उसका कहना है कि वह अस्पताल किसी व्यक्ति से मिलने आया था और उस पर लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को थाने ले गई, जहां शाम करीब साढ़े तीन बजे तक दोनों पक्ष मौजूद रहे। इस संबंध में थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर पुलिस भेजी गई थी। दोनों पक्षों को थाने लाया गया है और मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### कुत्ते के हमले से 14 वर्षीय किशोरी घायल

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के औराईन गांव निवासी रमेश कुमार की 14 वर्षीय पुत्री साक्षी सोमवार दोपहर घर से सामान लेने के लिए नारंगपुर बाजार जा रही थी। इसी दौरान अचानक एक कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।घटना के बाद परिजन आनन-फानन में घायल किशोरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पट्टी लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार साक्षी की हालत स्थिर बताई जा रही है।

### छात्रा लापता, अपहरण का केस

**प्रतापगढ़।** छात्रा के लापता होने को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के मोठिन देवरी निवासी राजेश पटेल की पत्नी किरन ने दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस दिसंबर को सुबह ग्यारह बजे उसकी पन्द्रह वषीर्या पुत्री घर से विद्यालय को निकली। पुत्री के देर शाम तक वापस न आने पर परिजन परेशान हो उठे। खोजबीन पर भी किशोरी का पता न चल सका। पीड़िता ने बेटी के साथ अप्रिय घटना की आशंका जतायी है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है।

### वांछित धराया, गया जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित एक आरोपी को सोमवार की सुबह हिरासत में ले लिया। थाने के दरोगा अजीत कुमार यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। अठेहा मोड़ पर डाक बंगले के समीप पुलिस को दहेज हत्या का वांछित खानीपुर निवासी दूधनाथ का पुत्र सुमित दिख गया। पुलिस ने उसे दौड़ाकर दबोच लिया। दोपहर बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया।

### मारपीट व छेड़छाड़ को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने पीड़िता के साथ छेड़छाड़ व मारपीट तथा गाली गलौज को लेकर चार आरोपियों के खिलाफ गम्भीर धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के केशवपुर निवासी अशोक कुमार की पुत्री श्वेता सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि लीलापुर थाना के रहने वाले देवतादीन सरोज का पुत्र संतोष सरोज लगभग एक माह से उसे तहसील परिसर में गाली गलौज व छेड़छाड़ कर परेशान किया करता है। पीड़िता ने आपबीती घर वालों को बतायी तब वह अपने पिता और मौसी के लड़के कुलदीप सरोज के साथ बीती छब्बीस दिसम्बर को दिन में तीन बजे आरोपी के घर शिकायत करने जा रही थी। इस बीच मुल्तानीपुर तालाब के पास मौजूद आरोपी इम्तियाज सुत अज्ञात एवं मोबीन सुत अज्ञात व एक अन्य अज्ञात आरोपी ने गाली गलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट भी की। मारपीट में पीड़िता के मौसी के लड़के को गम्भीर चोटे आ गयी। आरोपियों ने पुलिस से शिकायत करने पर पीड़ित को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी संतोष समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## सुपर ओवर में देवसरा को दोहरी ने हराया

**पट्टी।** पीसीएस ब्रदर्स कैनवास क्रिकेट प्रतियोगिता पारा में पांचवे दिन तीन मैच खेले गए। जिसमें दो लीग मैच व एक क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया।

पहला मैच भदौना व चंदन 11 बक्शा जौनपुर के बीच खेला गया। जिसमें चंदन 11 बक्शा जौनपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में विक्की के 75 व आतिफ के 65 रनों की मदद से 169 रन बनाए। जिसके जवाब में भदौना की टीम आठ विकेट खोकर 58 रन ही बना पाई और चंदन 11 बक्शा की 112 रनों से यह मैच जीत लिया। दूसरा मैच दोहरी व देवसरा के बीच खेला गया। जिसमें देवसरा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 101 रन बनाए। जिसके जवाब में दोहरी की टीम ने निर्धारित आठ ओवरों में 101 रन बनाए जिससे यह मैच टाई हो गया। जिसके बाद सुपर ओवर खेला गया जिसमें फिर से मैच टाई हो गया। इसके बाद हुए दूसरे सुपर ओवर में दोहरी ने मैच जीत लिया। तीसरा मैच दोहरी व चंदना 11 बक्शा जौनपुर के बीच खेला गया। जिसमें दोहरी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवरों में 70 रन बनाए। जिसके जवाब में चंदन 11 बक्शा जौनपुर की टीम ने 5 विकेट खोकर एक ओवर पहले ही 71 रन बनाकर मैच जीत लिया। यहां पर आम्परिंग गोविन्द लाल, शाद अली, पवन, अजीत ने व स्कोरिंग मंदीप ने किया। कमटेटर की भूमिका रवि, मुस्तक व तौफीक ने किया। यहां पर कमेटी के पीसी सुदामा, रामलखन, विजय प्रताप, घनश्याम, रामआसरे, संतराम वर्मा, धर्मेन्द्र सरोज, संजीव काका सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से अनुपालन करायें : डीएम

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें। बैठक में अब तक सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी और निर्देशित किया गया कि सड़क दुर्घटनाओं से बचने हेतु यातायात के नियमों के बारे में आमजन मानस को जागरूक किया जाये। दिसम्बर माह में सड़क दुर्घटनाओं में मृतकों की संख्या कम पायी गयी। बैठक में बताया गया कि 8 ब्लैक स्पाट चिन्हित किये गये थे जिनमें 02 लोक निर्माण विभाग व 6 एनएच सुल्तानपुर के थे जिस पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 02 ब्लैक स्पाट को खत्म करने के लिये बजट हेतु पत्र भेजा गया है। एनएच सुल्तानपुर के अधिकारी द्वारा बताया गया कि 06 ब्लैक स्पाट में से 04 ब्लैक स्पाट को खत्म कर दिया है तथा शेष 02 ब्लैक स्पाट को खत्म करने के लिये बजट हेतु पत्र भेजा गया है। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रयागराज-अयोध्या मार्ग (स्टेशन मार्ग) के पास जो नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है वहां पर साइनेज बोर्ड व सुरक्षा के सभी उपकरण लगाये जाये जिससे रात्रि में आवागमन के दौरान किसी को कोई समस्या न होने पाये। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि सड़क की खुदाई के दौरान मिट्टी को इधर-उधर न फेके, कहीं अन्यत्र स्थान पर मिट्टी को फेका जाये जिससे यातायात के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि पूर्व में मुख्यमंत्री द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में जो भी वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से दिशा निर्देश दिये गये थे उसकी अनुपालन आख्या लेकर अगली बैठक में अवश्य प्रतिभाग करें। डीएम ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चौरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता व बी0के0 सिंह, ट्रांसपोर्ट यूनियन के अध्यक्ष विजय सिंह सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे।

# तीन दिवसीय करपात्री महोत्सव का पूजन अर्चन कर किया शुभारंभ

अखंड भारत संदेश



**लालगंज।** धर्म सम्राट स्वामी करपात्री की जन्मभूमि भटनी में सोमवार को तीन दिवसीय करपात्री महोत्सव को लेकर श्रीराम कथा का शुभारंभ हुआ। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने जगदगुरू स्वामी करपात्री जी महराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व व्यासपीठ का पूजन अर्चन कर महोत्सव का शुभारंभ किया। वहीं संगीतमयी श्रीराम कथा को लेकर श्रद्धालुओं ने शोभा यात्रा निकाली। मुख्य अतिथि विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी का आध्यात्मिक दर्शन हमें मानवता की सेवा के लिए अपने कर्म के निर्वहन की प्रेरणा दिया करता है। उन्होने कहा कि स्वामी करपात्री जी महराज ने मानव कल्याण के लिए धर्म के आचरण की सच्ची सीख दी। वही उन्होने कहा कि भगवान की कथा हमें मानवता के मूल्यों के प्रति समर्पण के साथ विकास तथा लोगों के सामूहिक कल्याण की चेतना का भाव प्रदान किया करती है। कथाव्यास श्रीधाम अयोध्या से पधारे उमेश जी महराज ने विधायक आराधना मिश्रा को व्यासपीठ से श्रीफल व भगवान की पटिटका प्रदान कर लोकमंगल का शुभाशीष सौंपा। उन्होने पहले दिन श्रद्धालुओं को बताया कि अभिमान से रहित होकर भगवान के प्रति समर्पण ही भक्ति साधना है। उमेश जी महराज ने कहा कि भगवान शंकर ने ऊंचाईयों का परित्याग कर भगवान की कथा का आश्रम में श्रवण कर जगत को भगवान के प्रति आस्था का भाव समझाया। संरक्षक पूर्व प्रधान अशोक सिंह तथा संयोजक सौरभ ओझा ने विधायक आराधना मिश्रा मोना को शॉल व पुष्पगुच्छ प्रदान कर आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया। वहीं कथा को लेकर श्रद्धालुओं ने करपात्री धाम भटनी में भव्य शोभा यात्रा निकाली। कथा स्थल श्री गौरीशंकर धाम से शोभा यात्रा करपात्री चौक उमरपुर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने स्वामी करपात्री जी महराज की प्रतिमा का पूजन अर्चन किया। गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा बहादुरपुर से होते हुए पुनः कथास्थली पहुंची। शोभा यात्रा में संजय ओझा, सोनू पाण्डेय, अजयकृष्ण तिवारी, डॉ0 शिवमूर्ति शास्त्री, रामनरेश यादव, रामबाबू मिश्र, अरूण मिश्र, देवेन्द्र मिश्र, राकेश कौशल, रामफेर सरोज, विनोद कोरी, सागर तिवारी आदि शामिल रहे। इसके पहले विधायक मोना ने पुरवारा में अधिवक्ता मोनू पाण्डेय के बड़े भाई चुन्नू पाण्डेय के हाल ही में आकस्मिक निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना प्रकट की। उन्होने क्षेत्र के रामपुर बावली, जलेशरगंज, बभनपुर, रोहाड़ा में लोगों से मुलाकात के दौरान उनकी समस्याओं की सुनवाई भी की। वही उन्होने क्षेत्र में संचालित विकास परियोजनाओं की प्रगति का भी जायजा लिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल, जिपंस लालजी यादव, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल महेश, आनन्द पाण्डेय, महादेव मिश्र, राकेश सिंह, रवीन्द्र मिश्र, सुनील त्रिपाठी, राकेश चतुवेर्दी, महन्त द्विवेदी, हिमांचल तिवारी, माता शुक्ला आदि रहे।

## महिला की पिटाई, तीन आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज।** महिला की पिटाई को लेकर उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियो के खिलाफ मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के समगढ़ा मंगापुर निवासी प्रदीप यादव की पत्नी रोशनी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस दिसंबर को रात साढ़े आठ बजे वह घर पर मौजूद थी। इस बीच पुरानी रंजिश को लेकर पीड़िता के जेठ श्यामबाबू पुत्र रामनरेश तथा रायबरेली जिले के डीह थाना के बोझी पूरे पाण्डेय गांव निवासी जेठ के साले तेजभान पुत्र सन्नू दरवाजे पर आकर गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपी पीड़िता पर हमलावर हो उठे। बीचबचाव को पीड़िता की जेठानी सावित्री व परिजन आये तब आरोपियों ने इन्हें भी मारापीटा। आरोपी की ललकार पर उसकी पत्नी शिवकुमारी द्वारा भी पीड़िता के साथ मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने श्याम बाबू समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## किसान गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन 31 दिसम्बर से 05 जनवरी तक

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि विकासखण्ड़ के कृषकों को अत्याधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान कराने हेतु विकासखण्ड़ स्तरीय किसान गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया जाना है जिसमें कृषि के विभिन्न पहलुओं पर कृषकों की वैज्ञानिक एवं कृषि विशेषज्ञों से चर्चा तथा कृषि की उत्पादकता बढाने हेतु प्रसार अधिकारी/प्रगतिशील किसान, कृषि निवेश आपूर्तिकर्ता तथा वैज्ञानिकों/विशेषज्ञों के साथ बैठकर विकासखण्ड़ के आवश्यकतानुसार सूक्ष्म नियोजन कर उत्पादन बढाने की रणनीति तैयार की जायेगी। कृषि सूचना तन्त्र के सुद्दढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम योजनान्तर्गत जनपद के 16 विकास खण्डों में दिनांक 31 दिसम्बर 2025 से 05 जनवरी 2026 तक पूर्वान्ह 10 बजे से विकास खण्ड मुख्यालय पर विकासखण्ड़ स्तरीय रबी कृषि निवेश मेला/किसान गोष्ठी का आयोजन राजकीय कृषि बीज भण्ड़ार प्रभारी द्वारा किया जायेगा। विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला/किसान गोष्ठी का आयोजन 31 दिसम्बर को विकास खण्ड कालाकांकर के कृषि विज्ञान केन्द्र ऐठू कालाकांकर के अलावा विकास खण्ड मुख्यालय लालगंज, पट्टी व मानधाता में किया जायेगा। इसी प्रकार विकास खण्ड स्तरीय कृषि निवेश मेला/किसान गोष्ठी का आयोजन दिनांक 01 जनवरी को विकास खण्ड मुख्यालय मंगरौरा, बिहार, सांगीपुर व शिवगढ़ में, दिनांक 02 जनवरी को विकास खण्ड मुख्यालय बाबागंज, रामपुर संग्रामगढ़, आसपुर देवसरा व गौरा में, दिनांक 05 जनवरी को विकास खण्ड मुख्यालय लक्ष्मणपुर, बाबा बेलखरनाथधाम, सण्ड़वा चन्द्रिका व कुण्डा में किया जायेगा।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**पट्टी।** तरुण चेतना संस्था एवं ए.एच.टी. थाना प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियो को समाप्त करने, कानून की जानकारी देने तथा समाज को इसके दुष्परिणामों से अवगत कराना। कार्यक्रम में उपस्थित ए.एच.टी. थाना के उप निरीक्षक राम चन्द्र राम गुप्ता ने बताया कि बाल विवाह न केवल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में बाधा है, बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। उन्होंने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि इसमें दोषियों के लिए सजा एवं जुमार्ने का प्रावधान है। ए.एच.टी. थाना के हेड कांस्टेबल तौसीफ रजा ने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर जानकारी दें। तरुण चेतना संस्था के सह निदेशक हकीम अंसारी ने कहा कि संस्था लंबे समय से बाल अधिकारों की रक्षा, शिक्षा एवं जागरूकता के लिए कार्य कर रही है और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के माध्यम से गांव-गांव तक संदेश पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों–अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं युवाओं–से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों ने बाल विवाह न कराने और रोकने की सामूहिक शपथ ली तथा अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान प्रतिनिधि वाहीद अंसारी संस्था के उपाध्यक्ष ब्रह्मदेव उपाध्याय, नाजरीन बानों, लालसा सरोज, शाकिरा, गार्गी, शकुंतला, मंजू गुप्ता, छाया गौतम।

# चैत्र माह का प्रथम दिवस है हमारी संस्कृति का नव वर्ष : ओम प्रकाश

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** भारत जैसे-जैसे आधुनिकीकरण की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे भारतीयों पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। पूर्व में स्कूलों और कॉलेजों में हल्दी-कुमकुम की रस्में मनाई जाती थीं,सदाचार का पाठ पढ़ाते थे। समाज और राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले समाज सुधारकों और क्रांतिकारियों की जयंती और वर्षगांठ मनाई जा रही थी,लेकिन इस समय पश्चिमी सभ्यता कुछ जगह हावी हो रही है। कॉलेज की छात्राएं 'जीन्स' और 'टीशर्ट' में कही-कही महाविद्यालय में विद्यार्जन करती नजर आ रही हैं। पाश्चात्य संस्कृति के व्यवहार के कारण आज की युवा पीढ़ी का नुकसान हो रहा है। इस प्रथा के कारण हमारी मूल हिंदू संस्कृति लुप्त होती जा रही है। उक्त विचार सकल हिंदू समाज समिति के द्वारा सभागंज मानिकपुर के सनराइज गार्डन के प्रांगण में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन को बतौर मुख्य वक्ता सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक ओम प्रकाश ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मनोरंजन के रूप में या शौक के रूप में हम 31 दिसंबर की रात को नए वर्ष की पूर्व संध्या के लिए तैयारी करने लगते हैं और मध्यरात्रि उत्सव में स्वागत करते हैं, लेकिन ऐसा करना हमारी संस्कृति में नहीं है। भारतीय संस्कृति के अनुसार नया वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के रूप में मनाएं और आनंद लें। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय हिंदुओं की जागृति का समय है। इस समय अगर हिंदू सोया रहा तो हिन्दू जाति का भविष्य असुरक्षित होगा, ऐसा वर्तमान की बहुत सारी हिंदू जाति पर हो रही बर्बर घटनाएं इंगित कर रही है,इसका उदाहरण आज बांग्लादेश भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को भारत माता की जय के लिए कार्य करना होगा। सभी हिंदू सहोदर है इस उत्कट भाव से कार्य करना होगा। सम्पूर्ण हिंदू जाति का दुःख मेरा है इस भाव से कार्य करने की आवश्यकता है। ओमप्रकाश ने बोलते हुए कहा कि हम हिन्दू धर्म के सर्वस्व बलिदान करने वाले सिक्ख परम्परा को कभी नहीं भुलाया जा सकता। आज हमें अपने परिवार और जीवन में समरसता, कुटुंब व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण,स्वदेशी का भाव एवं नागरिक कर्तव्य को अपनाने की आवश्यकता है,जिसके द्वारा भारत एक भव्य रूप में उदीयमान होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलित करके अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिद्धेश्वर आश्रम कालाकांकर के आनंदाश्रम महराज ने किया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शिवम श्रीवास्तव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ सृष्टि कुशवाहा, मथुरा प्रसाद धुरिया एवं अखिलेश महाराज रहे उन्होंने भी हिन्दुत्व पर अपने अपने विचार व्यक्त किये। आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में क्षेत्रीय गीत गायकों द्वारा हिंदुत्व से युक्त भजन कीर्तन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ठाकुर प्रकाश सिंह, दयाराम, मिश्रीलाल, रामदेव, श्याम वर्मा, योगेंद्र मिश्र, मौला, नगर अध्यक्ष चन्द्रलता जायसवाल, आशुतोष जायसवाल, विमल जी राकेश मोदनवाल, रामप्रताप, डॉ रामलखन, सतीश, अजय, रामदुलारे, शिवमूरत, राजेश मौर्य, लवकुश बाबा, शिवाकांत, राममनोरथ,विशाल शर्मा,रावेंद्र, सौरभ,अनिल मौर्य सहित भारी संख्या में मातायें बहनें व लोग मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

### सिर्फ नारा नहीं था नरेगा के तहत काम का अधिकार

**संसदीय** स्थायी समिति के संदर्भ के बिना और राज्यों, श्रमिक संगठनों या नागरिक समाज के साथ गंभीर परामर्श किए बिना वीबी-जी राम जी विधेयक को जिस तरह से पेश तथा पारित किया गया है, वह भी उतना ही आपत्तिजनक है। एक ऐसा कानून, जो नागरिक और राज्य के बीच संतुलन को मौलिक रूप से बदल देता है,उसके लिए यह प्रक्रियागत जल्दबाजी लोकतांत्रिक मानदंडों में फिट नहीं बैठती है।

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) 2025 (वीबी-जी राम जी विधेयक)' का पारित होना भारत के सबसे परिणामदायी सामाजिक कानूनों में से एक के निर्णायक विराम का प्रतीक है। इसने 2005 के ऐतिहासिक राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (नरेगा) का स्थान लिया जिसे बाद में महात्मा गांधी के नाम पर रखा गया था। सरकार इस बात पर जोर देती है कि नया कानून एक ऐसा सुधार है जो गारंटीकृत कार्य की सीमा को 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर देता है लेकिन यह दावा सरसरी तौर से भी खरा नहीं उतरता है। नया विधेयक वास्तव में कहीं अधिक परेशान करने वाला है- यह काम करने के न्यायोचित अधिकार को समाप्त करता है, नियंत्रण को पुर्नकेन्द्रीकृत करता है, राजकोषीय बोझ को राज्यों को स्थानांतरित करता है और ग्रामीण भारत में श्रमिकों की सौदेबाजी की शक्ति को कमजोर करता है।

नरेगा कभी भी सिर्फ एक कल्याणकारी योजना नहीं थी। यह संविधान के अनुच्छेद 41- काम करने के अधिकार को सुरक्षित करने के लिए राज्य के दायित्व- को लागू करने योग्य पात्रता में बदलने वाला एक कानूनी नवाचार था। यदि मांग के 15 दिनों के भीतर काम नहीं दिया जाता था तो राज्य कानूनी रूप से बेरोजगारी भत्ते का भुगतान करने के लिए बाध्य था। नरेगा के तहत रोजगार- मांग-आधारित, सार्वभौमिक था और यह अधिकार न्यायोचित था। वीबी-जी राम जी विधेयक इस अधिकार-आधारित, मांग आधारित ढांचे को आपूर्ति-संचालित, बजट-कैप्ड योजना के साथ प्रतिस्थापित करता है जो सशर्त है तथा जिसकी गारंटी केंद्रीय आवंटन और प्रशासनिक विवेक पर है।

याद रखने वाली बात यह है कि नरेगा की जड़ें महाराष्ट्र की रोजगार गारंटी योजना (ईजीएस) में थीं। 1970 के दशक की शुरूआत में पड़े विनाशकारी सूखे का मुकाबला करने के लिए बनाए गये ईजीएस को शहरी श्रमिकों को समर्पित कर वित्तपोषित और ग्रामीण रोजगार की वैधानिक गारंटी द्वारा समर्थित किया गया था। इसकी विशेषता इसकी सरलता में निहित है- मांग पर काम, स्थानीय रूप से निर्धारित सार्वजनिक कार्य और मजदूरी का भुगतान श्रमिक के अधिकार के रूप में होना। यह नरेगा के लिए बौद्धिक और संस्थागत टेम्पलेट बन गया। ईजीएस का डिजाइन गांधीवादी नेता वीएस पागे के नेतृत्व में लागू की गई पायलट परियोजनाओं से प्रेरित था।

ईजीएस ने एक राजनीतिक सच्चाई का भी खुलासा किया जो आज भी प्रासंगिक है। इसने मजदूरी के लिए एक धरातल निर्धारित करके तथा श्रमिकों को बाहर निकलने का विकल्प देकर श्रमिकों की जमींदारों और ठेकेदारों पर निर्भरता को कम कर दिया।

# दुनिया के सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश : बदलती वैश्विक जनसांख्यिकी की दिशा

**अरुण कुमार डनायक**

**भारत** आज दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है और लगभग 1.45 अरब की आबादी के साथ उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है। बीते दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों की जन्म दर, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और बढ़ती जीवन प्रत्याशा इसकी प्रमुख वजह रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी के साथ शहरों पर दबाव, सीमित रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता बोझ और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां भी सामने हैं।

मानव इतिहास में जनसंख्या हमेशा चुनौतियों और अवसरों दोनों की धुरी रही है। आज जब दुनिया की आबादी 8 अरब के पार पहुंच चुकी है, तब वैश्विक जनसांख्यिकी पहले से कहीं अधिक जटिल और परिवर्तनशील हो गई है। तकनीकी प्रगति, बेहतर जीवन स्तर और स्वास्थ्य सुविधाओं ने इस बदलाव को नई दिशा दी है। 2025 की जनसंख्या रैंकिंग इसी परिवर्तन का संकेत है, जिसमें भारत, चीन, अमेरिका, इंडोनेशिया और पाकिस्तान वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाले प्रमुख देश बनकर उभरे हैं।

भारत आज दुनिया का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है और लगभग 1.45 अरब की आबादी के साथ उसने चीन को पीछे छोड़ दिया है। बीते दशकों में ग्रामीण क्षेत्रों की जन्म दर, बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और बढ़ती जीवन प्रत्याशा इसकी प्रमुख वजह रही हैं। लेकिन बढ़ती आबादी के साथ शहरों पर दबाव, सीमित रोजगार, शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं पर बढ़ता बोझ और संसाधनों की कमी जैसी चुनौतियां भी सामने हैं। इसके बावजूद भारत की विशाल युवा आबादी उसकी सबसे बड़ी ताकत है, जो सही नीतियों के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था को दिशा दे सकती है। साथ ही, देश की कुल प्रजनन दर घटकर 1.9 पर आना एक महत्वपूर्ण बदलाव है—कम बच्चों के कारण महिलाओं के पास शिक्षा, कौशल और आर्थिक गतिविधियों में भागीदारी के अधिक अवसर होंगे, जिससे उत्पादनशीलता और आर्थिक विकास को गति मिल सकती है।

चीन, जिसने दशकों तक दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने का गौरव रखा, आज जनसंख्या वृद्धि की उलटी दिशा में बढ़ रहा है। लगभग 1.42 अरब की आबादी के बावजूद वहां जन्म दर तेजी से गिर रही है। 1979 से 2015 तक लागू रही एक-बच्चा नीति के कारण आज चीन असंतुलित आयु संरचना, तेजी से बढ़ती वृद्ध आबादी और लैंगिक असमानता जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। हालांकि सरकार अब परिवार विस्तार को प्रोत्साहित कर रही है, पर सामाजिक-आर्थिक बदलावों ने छोटे परिवार की प्रवृत्ति को मजबूत कर दिया है। इसका सीधा असर चीन की विशाल श्रम शक्ति और उसके विनिर्माण-केंद्रित आर्थिक मॉडल पर पड़ने वाला है।

अमेरिका लगभग 33.5 करोड़ की आबादी के साथ जनसंख्या के मामले में तीसरे स्थान पर है। इसकी जनसांख्यिकीय विविधता और जनसंख्या वृद्धि का मुख्य आधार जन्म दर नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय प्रवासन है। यही प्रवासन तकनीक, शिक्षा, उद्योग और सेवा क्षेत्रों में उसकी आर्थिक गतिशीलता को मजबूती देता है। हालांकि बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में आव्रजन नीतियों में होने वाले बदलाव भविष्य की अमेरिकी जनसंख्या संरचना को गहराई से प्रभावित कर सकते हैं।

इंडोनेशिया, लगभग 27.5 करोड़ की आबादी के साथ दुनिया का चौथा सबसे अधिक जनसंख्या वाला देश है। हजारों द्वीपों में फैले इस देश में जावा जैसे अत्यंत घनी आबादी वाले क्षेत्र हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य सुधार से जन्म दर में कमी आई है,




फिर भी विशाल युवा आबादी के कारण रोजगार और बुनियादी ढांचे पर दबाव लगातार बढ़ रहा है।

पाकिस्तान, 24 करोड़ से अधिक आबादी के साथ पांचवें स्थान पर है और यहां दुनिया की सबसे तेज जनसंख्या वृद्धि दरों में से एक है। अत्यधिक युवा आबादी विकास की संभावना भी है और बड़ी चुनौती भी। तेज शहरीकरण के कारण जल, ऊर्जा, आवास और रोजगार जैसी समस्याएं लगातार गंभीर होती जा रही हैं।

दुनिया की जनसंख्या संरचना को प्रभावित करने वाले कई कारक समानांतर रूप से कार्य कर रहे हैं। जन्म दर में अंतर, आर्थिक अवसर, सामाजिक प्रवृत्तियां, शिक्षा का प्रसार, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और लंबे समय तक लागू रहने वाली सरकारी नीतियां इन कारकों का हिस्सा हैं।

प्रवासन आज आधुनिक दुनिया की जनसंख्या को आकार देने वाली एक निर्णायक शक्ति बन चुका है। बेहतर शिक्षा, सुरक्षित जीवन, आर्थिक अवसर और जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न विस्थापन ने इसे वैश्विक प्रक्रिया में बदल दिया है। अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और अनेक यूरोपीय देश अपनी जनसंख्या और श्रम शक्ति को संतुलित रखने के लिए प्रवासन पर निर्भर हैं, जबकि आर्थिक संकट से जूझ रहे देशों से युवाओं का पलायन लगातार बढ़ रहा है। वहीं अवैध प्रवासन सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और प्रशासन के सामने नई और गंभीर चुनौतियां खड़ी कर रहा है।

विकसित देशों में वृद्ध होती आबादी एक बड़ी चुनौती बनती जा रही है। जापान, दक्षिण कोरिया, जर्मनी और इटली जैसे देशों में कामकाजी आयु वर्ग घट रहा है, जबकि बुजुर्गों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे स्वास्थ्य सेवाओं, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा व्यवस्था पर भारी दबाव पड़ रहा है। जन्म दर बढ़ाने के लिए सरकारी प्रयास हो रहे हैं, लेकिन सामाजिक बदलाव इन्हें सीमित प्रभाव ही दे पा रहे हैं।

आर्थिक दृष्टि से बड़ी जनसंख्या एक दोधारी तलवार है। एक ओर विशाल श्रम शक्ति और बड़ा घरेलू बाजार आर्थिक विस्तार को गति देता है, वहीं दूसरी ओर पर्याप्त रोजगार, कौशल और संसाधन न होने पर बेरोजगारी, असमानता और सामाजिक तनाव बढ़ता है। साथ ही, बढ़ती आबादी के लिए मजबूत अवसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, ऊर्जा और जल प्रबंधन की आवश्यकता भी अत्यंत चुनौतीपूर्ण हो जाती है।

2050 तक दुनिया की जनसंख्या संरचना में बड़े बदलाव तय माने जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार आने वाले दशकों में अफ्रीका का वैश्विक जनसंख्या वृद्धि का मुख्य केंद्र बनेगा, जहां नाइजीरिया, इथियोपिया और कांगो जैसे देशों की आबादी तेजी से बढ़ेगी। एशिया में भारत की जनसंख्या वृद्धि धीमी होते हुए स्थिरता की ओर बढ़ेगी, जबकि चीन की आबादी घटने लगेगी। यूरोप पहले ही जनसंख्या गिरावट के दौर में प्रवेश कर चुका है, वहीं अमेरिका प्रवासन-आधारित मॉडल के सहारे जनसंख्या संतुलन बनाए रखेगा।

2025 की जनसंख्या रैंकिंग इस बात का संकेत है कि दुनिया एक नई जनसांख्यिकीय व्यवस्था की ओर बढ़ रही है। अब वैश्विक शक्ति-संतुलन का निर्धारण अब केवल अर्थव्यवस्था और सैन्य क्षमता से नहीं, बल्कि जनसंख्या संरचना से भी होगा। युवा आबादी वाले राष्ट्र आने वाले समय में विकास, नवाचार और उत्पादन के नए केंद्र बन सकते हैं, जबकि वृद्ध होती जनसंख्या वाले देशों के सामने सामाजिक सुरक्षा, श्रम शक्ति और आर्थिक स्थिरता की जटिल चुनौतियां होंगी। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता प्रवासन और सीमित होते प्राकृतिक संसाधन इन चुनौतियों को और गहरा बना रहे हैं। ऐसे समय में जनसंख्या को बोझ नहीं, बल्कि सुनियोजित नीतियों, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के माध्यम से एक सशक्त राष्ट्रीय पूंजी में बदलना ही 21वीं सदी की सबसे बड़ी प्रशासनिक और राजनीतिक परीक्षा होगी। इस बदलते परिदृश्य में भारत को भी शिक्षा, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण और रोजगार सृजन को जनसंख्या नीति का केंद्र बनाने तैयारियां करनी होंगी ।

# बांग्लादेश: सत्ता-संघर्ष, कट्टरपंथ और लोकतंत्र की अनिश्चित राह

**-ललित गर्ग-**

**बांग्लादेश** एक बार फिर इतिहास के ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहाँ लोकतंत्र, सत्ता और कट्टरपंथ के बीच की रेखाएँ धुंधली होती जा रही हैं। 17 वर्षों के स्वनिर्वासन के बाद बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के पुत्र और बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान की स्वदेश वापसी केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि उस अस्थिरता का प्रतीक है, जो शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद देश की राजनीति में लगातार गहराती चली गई है। यह वापसी ऐसे समय में हुई है जब अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस स्वयं कई मोर्चों पर घिरते नजर आ रहे हैं और जिन ताकतों को उन्होंने व्यवस्था परिवर्तन की उम्मीद में अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से स्थान दिया, वही आज शांति, सौहार्द और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुकी हैं। शेख हसीना की अवामी लीग सरकार के पतन के बाद जिस छात्र आंदोलन को ह्यजुलाई क्रांतिह्न के रूप में प्रस्तुत किया गया था, उससे देश में यह उम्मीद जगी थी कि एक नई, पारदर्शी और समावेशी व्यवस्था की नींव रखी जाएगी। इसी उम्मीद के साथ छात्र नेताओं और नागरिक समाज के एक बड़े वर्ग ने मोहम्मद यूनुस को अंतरिम सरकार की कमान सौंपी। लेकिन कुछ ही महीनों में यह भ्रम टूटने लगा कि यह संघर्ष व्यवस्था परिवर्तन का है। चुनाव को लेकर बढ़ती खींचतान, स्पष्ट रोडमैप का अभाव और सत्ता के इर्द-गिर्द सिमटती निर्णय प्रक्रिया ने यह संकेत दे दिया कि अब लड़ाई लोकतंत्र को मजबूत करने की नहीं, बल्कि सत्ता पर कब्जे की है।

इस संदर्भ में कट्टरपंथी विचारधारा से जुड़े युवा नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या ने स्थिति को और विस्फोटक बना दिया है। हादी जुलाई आंदोलन से उभरे उन चेहरों में थे, जिनका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा था। उनकी हत्या के बाद उनके भाई द्वारा लगाए गए आरोप कि यह हत्या अंतरिम सरकार से जुड़े तत्वों की साजिश है ताकि चुनाव टाले जा सकें, मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की नैतिकता और निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। यदि यह आरोप सही हैं, तो इसका अर्थ यह होगा कि सत्ता में शामिल कुछ शक्तियां जानबूझकर देश को अस्थिरता एवं घोर अशांति की ओर धकेल रही हैं, ताकि चुनावी प्रक्रिया को अपने अनुकूल मोड़ा जा सके। कट्टरपंथी संगठनों की भूमिका इस पूरे परिदृश्य में सबसे चिंताजनक है। जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों का अंतरिम सरकार पर बढ़ता दबाव, सड़कों पर बढ़ती हिंसा और अल्पसंख्यकों को निशाना बनाए जाने की घटनाएं यह दर्शाती हैं कि कानून-व्यवस्था



तेजी से कमजोर हुई है। विडंबना यह है कि जिन कट्टरपंथी तत्वों को शेख हसीना सरकार के विरोध में ह्यलोकतांत्रिक सहयोगीह्न के रूप में देखा गया, वही आज बांग्लादेश की सामाजिक संरचना को भीतर से खोखला कर रहे हैं। यह वही ऐतिहासिक भूल है, जो दक्षिण एशिया के कई देशों में पहले भी की जा चुकी है-जहां अल्पकालिक राजनीतिक लाभ के लिए कट्टरपंथ को जगह दी गई और परिणाम दीर्घकालिक अस्थिरता के रूप में सामने आया।

तारिक रहमान की वापसी को इसी पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। ब्रिटेन में 17 वर्षों से अधिक समय बिताने के बाद उनका लौटना केवल व्यक्तिगत निर्वासन की समाप्ति नहीं है, बल्कि बांग्लादेश की राजनीति में एक नए शक्ति-संतुलन का संकेत है। यह तथ्य भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि जिन मुकदमों के कारण वे देश से बाहर थे, उनमें अंतरिम सरकार के दौरान राहत मिली और उनकी वापसी का रास्ता साफ हुआ। जिस दिन तारिक रहमान ढाका लौटे, उसी दिन यह संकेत भी सामने आया कि शेख हसीना की अवामी लीग को आगामी चुनावों से बाहर रखा जा सकता है। यह संयोग कम और रणनीति अधिक प्रतीत होता है। बीएनपी इस समय चुनावी गणित के लिहाज से सबसे मजबूत स्थिति में है और तारिक रहमान को देश का अगला प्रधानमंत्री माने जाने की चर्चा तेज है। लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि क्या अवामी लीग के बिना होने वाला चुनाव बांग्लादेश की जनता की वास्तविक इच्छा को प्रतिबिंबित कर पाएगा? लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का नाम नहीं, बल्कि सभी प्रमुख राजनीतिक धाराओं को समान अवसर देने की प्रक्रिया है। यदि किसी एक बड़े दल को सुनियोजित ढंग से बाहर रखा जाता है, तो चुनाव की वैधता पर संदेह स्वाभाविक है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मोहम्मद यूनुस की सरकार पर दबाव बढ़ रहा है। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमले और कानून-व्यवस्था की बदहाली को लेकर मानवाधिकार संगठनों की चिंताएं लगातार सामने आ रही हैं। इसके बावजूद यह आश्चर्यजनक है कि भारत जैसे पड़ोसी देश से, जहाँ बांग्लादेश के घटनाक्रम का सीधा प्रभाव पड़ता है, अपेक्षित स्तर की कूटनीतिक और नैतिक प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिली। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खालिदा जिया के स्वास्थ्य पर चिंता जताते हुए भारत की ओर से सहयोग की पेशकश करना एक सकारात्मक संकेत है, और बीएनपी द्वारा उसका स्वीकार किया जाना दोनों देशों के बीच नए समीकरणों की ओर इशारा करता है। लेकिन यह भी सच है कि यह निकटता स्वार्थों की राजनीति से पूरी तरह मुक्त नहीं है। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर लगातार हो रहे हमले अब केवल आंतरिक कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं रह गए हैं, बल्कि यह भारत की सुरक्षा, कूटनीतिक जिम्मेदारी और नैतिक सरोकार से सीधे जुड़ा गंभीर विषय बन चुका है। हाल ही में अमृत मंडल नामक एक हिंदू नागरिक की पीट-पीटकर हत्या की घटना इस बात का प्रमाण है कि अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति थमने के बजाय और अधिक निर्भीक होती जा रही है। धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा, मंदिरों पर हमले, जबरन पलायन और भय का वातावरण बांग्लादेश की लोकतांत्रिक साख को गहरा आघात पहुँचा रहे हैं। भारत सरकार के लिए अब यह अनदेखा करने का विषय नहीं रह गया है; आवश्यकता है कि वह कूटनीतिक स्तर पर सख्त संदेश दे, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाए और यह स्पष्ट करे कि अल्पसंख्यकों की सुरक्षा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की अनिवार्य शर्त है।

आगामी चुनावों के संदर्भ में इस तरह की सांप्रदायिक हिंसा को एक केंद्रीय मुद्दा बनाया जाना चाहिए, क्योंकि भय और असुरक्षा के वातावरण में निष्पक्ष चुनाव की कल्पना ही बेमानी है। बांग्लादेश में यदि वास्तव में लोकतंत्र की बहाली का दावा किया जा रहा है, तो वहां ऐसी सरकार का गठन आवश्यक है जो अल्पसंख्यकों के अधिकारों और सम्मान की गारंटी दे सके। हिंदुओं सहित सभी धार्मिक समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित किए बिना न तो राजनीतिक स्थिरता संभव है और न ही क्षेत्रीय शांति। भारत की भूमिका इस संदर्भ में केवल पड़ोसी देश की नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार क्षेत्रीय शक्ति की है, जिसे मानवाधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आवश्यक कठोर कदम उठाने से पीछे नहीं हटना होगा।

बांग्लादेश आज जिस मुसीबत के भंवर में फँसा है, उसके पीछे आंतरिक कारकों के साथ-साथ बाहरी प्रभावों की भूमिका से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पाकिस्तान की ऐतिहासिक भूमिका और कट्टरपंथी नेटवर्कों के साथ उसके संबंधों को देखते हुए यह आशंका निराधार नहीं कि बांग्लादेश की अस्थिरता में परोक्ष योगदान बाहरी शक्तियों का भी हो सकता है। ऐसे में मोहम्मद यूनुस की यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे अंतरिम सरकार को निष्पक्ष, पारदर्शी और लोकतांत्रिक दिशा में ले जाएँ। लेकिन अब तक के घटनाक्रम यह संकेत देते हैं कि वे हालात को संभालने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाए हैं।

फिर भी, इस निराशाजनक परिदृश्य के बीच तारिक रहमान के बयानों और राजनीतिक स्वरों में कुछ लोग समाधान की झलक देखते हैं। यह उम्मीद इस विश्वास पर टिकी है कि बीएनपी, चाहे उसका अतीत विवादास्पद रहा हो, सत्ता में आकर कट्टरपंथी दबावों को संतुलित कर सकेगी और लोकतांत्रिक संस्थाओं को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करेगी। किंतु यह भी एक कड़वा सत्य है कि कट्टरपंथी ताकतों से लोकतंत्र बहाल होने की उम्मीद अपने आप में एक विरोधाभास है।

अंततः बांग्लादेश के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है-क्या वह एक समावेशी, बहुदलीय और संवैधानिक लोकतंत्र की राह चुनेगा या फिर सत्ता-संघर्ष और कट्टरपंथ की दलदल में और गहराता जाएगा? इसका उत्तर केवल किसी एक नेता या दल के हाथ में नहीं, बल्कि उस राजनीतिक विवेक में है, जो आने वाले महीनों में देश की दिशा तय करेगा। यदि निष्पक्ष चुनाव, कानून का राज और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं की गई, तो तारिक रहमान की वापसी भी इतिहास में एक और चूके हुए अवसर के रूप में दर्ज हो सकती है।

## शीतलहर,घना कोहरा,अत्यधिक ठंड से बचाव के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा जारी की गई एडवाइजरी

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही । जिलाधिकारी**/अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण शैलेष कुमार के निर्देशन में एवं अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कुंवर वीरेंद्र मौर्य के पर्यवेक्षण में जिला प्रशासन ने शीतलहर/घना कोहरा/अत्यधिक ठंड से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर,घना कोहरा एवं अत्यधिक ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी।

जारी की गई एडवाइजरी के अंतर्गत

- स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टी0वी0 एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।
- कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार




बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों।
- शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है।
- घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो।
- ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीतलहर, ठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है।
- अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें।
- शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें।
- धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा।
- हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, - अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें।
- शीतदंश के लक्षणों जैसे शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना।

## विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। जिला** स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की बैठक विधायक औराई दीनानाथ भाष्कर की अध्यक्षता में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, मा0 विधायक ज्ञानपुर विपुल दूबे, एमएलसी प्रतिनिधि संजय सिंह, छेदीलाल यादव, व अन्य जनप्रतिनिधियों, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोबिन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। बैठक में उपर्युक्त द्वारा मनरेगा के नये स्वरूप विकसित भारत गारन्टी रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण (वी0बी-जी राम जी) विषयक जागरूकता पोस्टर का विमोचन कर नियमों में बदलाव की जानकारी दी गयी। बैठक में सदस्यों ने मनरेगा (विकसित भारत-जी राम जी) की भौतिक व वित्तीय प्रगति, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत समूह



गठन, रिवाल्विंग फंड ,सामुदायिक निवेश निधि ,बैंक क्रेडिट लिंकेज, बाबा साहेब आंबेडकर रोजगार प्रोत्साहन योजना की भौतिक प्रगति सहित आदि बिंदुओं पर विचारों विमर्श किया। सभी सदस्यों ने अपने वार्ड व क्षेत्र की आवश्यकता व समस्या बिंदुओं को रखा। जिस पर माननीय अध्यक्ष दीनानाथ भास्कर ने सभी को आश्वस्त किया कि सभी का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाएगा। मा0 विधायक विपुल दूबे ने वित्तीय वर्ष 2023, 2024, 2025 में बने शवदाह गृह की अद्यतन स्थिति की सूची विधान सभावार उपलब्ध कराने हेतु डीपीआरओ को निर्देशित किया। विद्युत विभाग की समीक्षा के दौरान विधानसभावार अतिरिक्त विद्युत ट्रान्सफार्मर, क्षमता वृद्धि, फीडर सेप्रेरेशन, कितने कार्य पेडिंग है आदि की सूची उपलब्ध कराने हेतु एक्सईएन विद्युत को निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत विशेष मरम्मत कार्य, रिन्यूवल, कितने टेण्डर स्वीकृत हुए है जो स्वीकृत नही हुए है उसकी सूची उपलब्ध कराने हेतु एक्सईएन पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। मा0 अध्यक्ष दीनानाथ भाष्कर ने बताया कि 08 अगस्त 2025 को जिला स्तरीय विकास कार्य अनुश्रवण समिति की हुई पहली बैठक में प्राप्त 45 कार्यो में से 25 कार्य पूर्ण हो जाने पर उन्हें कार्यवृत्ति से निक्षेपित कर दिया गया है ।

# धर्मनगरी में चल रहे पर्यटन विकास कार्यों का डीएम ने लिया जायजा

अखंड भारत संदेश



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सोमवार को धर्मनगरी के कामदगिरि परिक्रमा में यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड इकाई-13 बाँदा के द्वारा श्रद्धालुओं के सुविधार्थ कराए जा रहे सांस्कृतिक एवं शहरी कायाकल्प व अवस्थापना सम्बन्धी पर्यटन विकास कार्य, कामदगिरि महाआरती स्थल का पर्यटन विकास व कुण्ड सौन्दर्थीकरण आदि के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम ने कार्यों का जायजा लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कामदगिरि परिक्रमा मार्ग पर श्रद्धालुओं के सुविधार्थ सांस्कृतिक एवं शहरी कायाकल्प व अवस्थापना सम्बन्धी पर्यटन विकास कार्य के निरीक्षण के में डीएम ने परिक्रमा मार्ग पर केविल ट्रेन्च एवं आरसीसी, नाली की खुदाई, पीसीसी एवं सरिया बांध कर, कंक्रीट की ढलाई का कार्य प्रगति पर पाया गया। साथ ही कामदगिरी मार्ग पर पत्थर लगाने के लिए सामग्री आपूर्ति किये जाने एवं मार्ग पर स्टोन बिछाने का कार्य प्रगति पर पाया गया है। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि परिक्रमा मार्ग पर बनायी जा रही स्ट्रोम वाटर ड्रेन निर्माण कार्य का स्लोप सही तरीके से किया जाये। निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों में मैन पावर बढ़ाकर अपेक्षित प्रगति लाते हुए समयान्तर्गत गुणवत्तापरक निर्माण कार्य पूर्ण करायें। डीएम ने कामदगिरि महा आरती स्थल के पर्यटन विकास कार्यों के अन्तर्गत मौके पर कराये जा रहे निमार्णाधीन नाला के रिटेनिंग वाल का कार्य, शेड का स्ट्रक्चर कार्य तथा आरती स्थल के चबूतरे एवं फर्श में पी०सी०सी० व बाउण्ड्रीवाल का स्ट्रक्चर आदि के कार्यों के अवलोकनोपरान्त सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आरती स्थल में लगाये जाने वाले रेड स्टोन पत्थरों के पैर्टन को अवलोकित कराने के बाद ही अग्रेतर निर्माण कार्य कराएं। साथ ही कागदगिरी परिक्रमा मार्ग में पर्यटन विकास अन्तर्गत कराये जा रहे पूर्ण कार्यों के रख-रखाव के लिए नगर पालिका परिषद कर्वी को नियमानुसार परियोजना से संबन्धित अभिलेखों के साथ अविलम्ब हस्तगत किये जाने के निर्देश दिये। परिक्रमा गार्ग पर स्थित कुण्ड के सौन्दर्यीकरण कार्यों के निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि ने बताया कि यह कार्य बीती 15 अक्टूबर 2025 को पर्यटन विभाग को हस्तानान्तरित किया जा चुका है। इस पर डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों को हस्तानान्तरित परियोजना के रख-रखाव के लिए नगर पालिका परिषद कर्वी को दो से तीन दिवस में नियमानुसार हस्तगत किये जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर उप निदेशक पर्यटन आर के रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लालजी यादव आदि मौजूद रहे।




# गौ आधारित प्राकृतिक कृषि करने के लिए किसानों को किया गया प्रेरित

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान द्वारा टाटा ट्रस्ट के सहयोग से जनपद की पांच ग्राम पंचायतों (डोडामाफी, टिकरिया, मनगवां, बम्भिया, इटवा डुडैला) के 15 गाँवों में संचालित किए जा रहे कृषि, बागवानी, जल संरक्षण, एवं आजीविका सम्बन्धी कार्यक्रम के तहत ग्राम विकास समितियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें ग्राम विकास से जुड़ी संस्थागत गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई।

जिला मुख्यालय के रानीपुर भट्ट स्थित भारत जननी परिसर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में पाँचों गाँवों के विकास समिति के 20 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। संस्थान इन समितियों के सहयोग से मेडबंधी, खेत तालाब, वर्षा जल संचयन के लिए दोहा, महिलाओं के लिए सामुदायिक स्नान घर आदि विविध कार्य सम्पन्न करेगी। प्रशिक्षण में सभी सदस्यों को संस्थापक गोपाल भाई ने बताया कि गाँव के विकास में समितियों की भागीदारी महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने गीतों के माध्यम से सभी किसानों को गौ-आधारित प्राकृतिक कृषि करने की प्रेरणा दी। प्रशिक्षक गजेन्द्र ने सहभागिता के महत्व की जानकारी देते हुए कहा कि जिस प्रकार घर के किसी बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य को सभी के सहयोग एवं जिम्मेदारी से सकुशल सम्पन्न किया जाता है, उसी प्रकार ग्राम विकास के महत्वपूर्ण कार्य को सभी के परस्पर सहयोग से किया जाना चाहिय। कहा कि सभी को अपनी बात रखने का सामान अवसर मिलना चाहिए। परियोजना समन्वयक विजय कुमार ने परियोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। तीन वर्षों में पाँचों ग्राम पंचायतों में होने वाली गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि इनसे सभी गांवों के लगभग 2000 परिवार लाभान्वित होंगे। इस मौके पर निदेशक राष्ट्रदीप, विश्वदीप, सरला, राजाराम, भरतलाल, देवकुमार आदि मौजूद रहे।

# मातृभाषा को बचाने और समाज को जागरूक करने का लिया गया संकल्प

**चित्रकूट।** भारतीय सिंधु सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक कानपुर में आयोजित की गई। जिसमें जनपद चित्रकूट सहित विभिन्न प्रांतों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बैठक में समाज के उत्थान, मातृभाषा को बचाने आदि को लेकर चर्चा की गई।

जिले से संगठन के अध्यक्ष राजीव लखानी और साधुराम आसवानी ने बैठक में प्रतिभाग किया। बैठक से लौटकर जिलाध्यक्ष राजीव लखानी ने बताया कि बैठक में आए प्रतिनिधियों ने अपनी बात रखकर समाज की भलाई के लिए सुझाव दिए। जिसमें अपनी मातृ भाषा बचाने, नई पीढ़ी और समाज को जागरूक करने सहित सिंधु सभा की शाखाओं के विस्तार और राजनैतिक भागीदारी बढ़ाने के लिए चर्चा की गई। बैठक के बाद सिंधु सभा की ओर से संचालित 40वें निःशुल्क नेत्र शिविर का समापन समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना, गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी, संत साईं मोहन लाल, सिंधु सभा की राष्ट्रीय महामंत्री माया बेन कोडनानी, पूर्व मंत्री गुजरात सरकार महिला शाखा की राष्ट्रीय अध्यक्ष विनीता भावनानी, सिंधु सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत राम छाबड़ा, भोपाल विधायक और बीजेपी महामंत्री मप्र भगवान दास सबनानी, प्रदेश अध्यक्ष भारतीय सिंधु सभा अशोक अगनानी, दीपक अंशवानी व लकी सावलानी आदि मौजूद रहे।

# गरीबों को ठंड से बचाने के लिए वितरित किए गए कंबल

**शीतलहर से बचाव के लिए भगवान भजनाश्रम वृंदावन द्वारा 400 गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किया गया**

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भगवान भजनाश्रम वृंदावन द्वारा सदर तहसील क्षेत्र के कंठीपुर व बनकट गांव में शीतलहर से बचाव के लिए 400 गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किया गया। कंबल वितरण कार्यक्रम में संस्था के चित्रकूट शाखा प्रबंधक राम अवतार यादव ने बताया कि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिहारी लाल सर्राफ व नवल कनौडिया के सौजन्य से सेवा का यह काम भजनाश्रम द्वारा पिछले माह से शुरू है। जिसमें ठंड के दृष्टिगत ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब आदिवासी, अनुसूचित जाति/जनजाति के लोगों, महिलाओं तथा दिव्यांगों को उनकी आवश्यकता के अनुसार खाद्य सामग्री (आटा, दाल, चावल, तेल, मसाला, गुड आदि) का वितरण किया जा रहा है। साथ ही ठंड से बचाव के लिए कम्बल, स्वेटर, मोजा, टोपा सहित अन्य ऊनी वस्त्र वितरित किए जा रहे है। यह कार्य पिछले कई वर्षों से अनवरत चल रहा है। इस मौके पर पूर्व जिला जज एसपी वर्मा, अधिवक्ता अमित यादव, पूर्व पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र शर्मा, उपभोक्ता फोरम के पूर्व सदस्य केशव प्रसाद यादव, लवकुश सभासद, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवशंकर सिंह, पूर्व रेंजर श्यामलाल, समाजेसवी प्रेमचंद्र दुबे आदि मौजूद रहे।



# रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, चालक और मां गंभीर घायल

**चित्रकूट।** करवी कोतवाली क्षेत्र में लोदवारा श्रमदान के पास एक सड़क हादसे में ई-रिक्शा चालक और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए। एक रोडवेज बस ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। जिसके बाद घायलों को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना तब हुई जब रोडवेज बस जिला मुख्यालय से राजापुर की ओर जा रही थी, जबकि ई-रिक्शा पहाड़ी की तरफ से आ रहा था। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा से टकराने के बाद रोडवेज बस सड़क के किनारे एक पेड़ से जा टकराई। घायल ई-रिक्शा चालक की पहचान सत्येंद्र कुमार के रूप में हुई है, जो जिला मुख्यालय के मुलायम नगर का निवासी है। उसकी मां शिवकुमारी भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई हैं। सत्येंद्र ने बताया कि वह अपनी मां को पहाड़ी ले गया था और घर लौटते समय यह दुर्घटना हुई।

रोडवेज बस में करीब 20 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं। सूचना मिलते ही ट्रैफिक प्रभारी शैलेंद्र कुमार और पहाड़ी थाना प्रभारी प्रवीण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने यातायात को सुचारु रूप से चालू कराया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।



ट्रैफिक प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने बताया कि बस में सवार यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया है और उन्हें कोई चोट नहीं आई है।

# 157 स्कूलों के शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू, शारदा ऐप से आउट ऑफ स्कूल बच्चों को जोड़ने पर जोर

**चित्रकूट।** रामनगर विकासखंड में शारदा ऐप के नोडल शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण 29 दिसंबर 2025 से बीआरसी रामनगर में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न कारणों से स्कूल छोड़ चुके बच्चों की पहचान कर उन्हें आयु-अनुरूप कक्षाओं में नामांकित करना और शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट के निदेर्शानुसार, रामनगर विकासखंड के सभी 157 विद्यालयों के नोडल शिक्षक इस प्रशिक्षण में भाग ले रहे हैं। पहले चरण में, 50-50 शिक्षकों के दो बैच में कुल 100 नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी एन.पी. सिंह ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने शिक्षकों से आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान और नामांकन के बाद उन्हें संघनित पाठ्यक्रम के माध्यम से शिक्षा से जोड़ने पर जोर दिया।एन.पी. सिंह ने शिक्षकों से अपील की कि वे ऐसे बच्चों की पारिवारिक स्थितियों का गहनता से विश्लेषण करें। इसके आधार पर, कारणों और निवारण के संबंध में एक संक्षिप्त रिपोर्ट भी तैयार की जाए।




उन्होंने कहा कि अभिभावकों को जागरूक और प्रोत्साहित करके ही सभी बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है।यह प्रशिक्षण विकासखंड रामनगर के अंतर्गत कार्यरत चार एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) - विराग कुमार, राजेश कुमार यादव, अवनीश कुमार पांडेय और दीपक कुमार गुप्ता द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# आभास महासंघ ने कराया सामान्य डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन

**चित्रकूट।** संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस के तहत चल रही श्रृंखला के तहत रविवार को सदर तहसील क्षेत्र के बघौडा गांव में आभास महासंघ द्वारा एक विचार संगोष्ठी व डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया।

महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 65 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिनमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को सील्ड, प्रमाण पत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाले 10 अन्य बच्चों को सांत्वना पुरस्कार के रूप में मेडल, प्रमाणपत्र व पेन देकर सम्मानित किया गया। जिसमें



उच्च कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई की कक्षा सात की छात्रा खुशी वर्मा, कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई की कक्षा सात की छात्रा अंजना देवी व कम्पोजिट विद्यालय कोठिलिहाई के कक्षा आठ के छात्र हिमांशु कुमार ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर डॉ ज्ञानचंद बौद्ध, लालमुनि, कैलाश चंद्र, रामकुमार व कुशल चैधरी द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सांत्वना पुरस्कार से अभिषेक, प्रबल सिंह, जयकुमार, राधिका देवी, अभिषेक, अंशु कुमार, कृष्ण कुमार, प्रिया, सोनम व प्रियंका को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलते हुए शिक्षा के क्षेत्र में मेहनत करने पर गरीब परिवारों के बच्चों को भी समाज और क्षेत्र में उच्च सम्मान हासिल होता है।

इस मौके पर जानकीशरण प्रजापति, दिनेश कुमार आर्टिस्ट, शत्रुघन सक्सेना, गुलाम सिंह, प्रियंका वर्मा, गोमती, रमा, कविता, बालगोविंद मौर्या, रामू पटेल, अनितराज, कल्लू, नीरज कुमार वर्मा, रामविलास उर्फ चुन्ना, रामकल्यान, हनुमान टेलर, अजय मूलनिवासी, धर्मराज आदि मौजूद रहे।

# चोरी के जेवर के साथ चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चित्रकूट।** जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में चैकी सीतापुर पुलिस टीम ने एक चोर को चोरी के जेवर के साथ गिरफ्तार किया है।

कर्वी कोतवाली प्रभारी श्याम प्रताप पटेल ने बताया कि सीतापुर चैकी क्षेत्र के कटरागूदर गांव निवासी नीलम यादव ने कोतवाली कर्वी में सूचना दी उसने अपने जेवर अपने ही घर में जमीन खोदकर गाड़ दिए थे, जो चोरी कर लिए गए है। महिला ने अपने फूफा गुड्डू यादव व बुआ गुड़िया यादव के ऊपर चोरी करने की आशंका जाहिर की। जिसके बाद इस सम्बन्ध में कोतवाली कर्वी में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही चोरी की घटना का अनावरण कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को लगाया गया। जिसके क्रम में सोमवार को चैकी सीतापुर के उपनिरीक्षक जंगबहादुर, आरक्षी जयप्रकाश व अजय कुमार वर्मा द्वारा गुड्डू यादव निवासी कटरागूदर चैकी सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि उसने ही अपनी भतीजी नीलम यादव के जेवर चोरी कर किए थे। आरोपी के कब्जे से चोरी जेवर भी बरामद किए गए।

# ट्रंप की दोहरी चाल? जेलेंस्की से पहले पुतिन को बातचीत का न्योता

## वैश्विक शांति पर दांव



**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि वे रविवार को फ्लोरिडा में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की के साथ होने वाली अपनी संभावित बैठक से पहले अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ जल्द ही बातचीत करने की उम्मीद कर रहे हैं। चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रयास जारी हैं। पॉलिटिको को दिए एक साक्षात्कार में ट्रंप ने रूसी नेता के साथ अपनी संभावित मुलाकातों पर भरोसा जताया और कहा कि वे निकट भविष्य में पुतिन से बात करने के लिए उत्सुक हैं। ट्रंप ने पॉलिटिको से कहा कि मुझे लगता है कि उनके साथ बातचीत अच्छी रहेगी। मुझे लगता है कि व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत अच्छी रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि वे पुतिन से जल्द ही, जितनी मेरी इच्छा है बात करने की उम्मीद करते हैं।

ये टिप्पणियां जेलेंस्की द्वारा रविवार को फ्लोरिडा में अमेरिकी राष्ट्रपति के साथ अपनी मुलाकात की पुष्टि करने के बाद आई हैं। जेलेंस्की युद्ध समाप्ति के लिए चल रही शांति वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका निभा रहे हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए जेलेंस्की ने कहा कि यह मुलाकात वार्ता को समझौते के करीब लाने में सहायक हो सकती है, हालांकि उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि तत्काल किसी अंतिम समझौते की उम्मीद नहीं की जानी चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि दोनों पक्ष यथासंभव लंबित मुद्दों को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, जेलेंस्की ने यह भी कहा कि अमेरिकी और यूक्रेनी अधिकारियों द्वारा प्रस्तावित 20 सूत्रीय शांति योजना 90 प्रतिशत तैयार है और ट्रंप के साथ वार्ता यूक्रेन के लिए दीर्घकालिक सुरक्षा गारंटी और युद्ध के बाद स्थिरता सुनिश्चित करने में उसके सहयोगियों की भूमिका पर केंद्रित होगी।

# तिब्बत नीति पर सवाल, बिना आरोप हिरासत, कड़े नियम और भय का माहौल

**चीन**

**प्रमुख** बौद्ध धर्मगुरु चोगट्रुल दोरजे तेनज़िन की गिरफ्तारी के बाद, चीनी अधिकारियों ने अमदो गोलोग में तिब्बती समुदायों पर राजनीतिक दबाव बढ़ा दिया है। फायुल की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटनाक्रम ने तिब्बती क्षेत्रों में निगरानी और दमनकारी शासन के विस्तार की आशंकाओं को और तीव्र कर दिया है। फायुल के मुताबिक, मिनथांग मठ, ओसेल थेगचोग लिंग के मठाधीश और मिनथांग जातीय व्यावसायिक विद्यालय के प्रमुख चोगट्रुल दोरजे तेनज़िन को 4 दिसंबर को हिरासत में लिया गया था, लेकिन इसके हालात अभी स्पष्ट नहीं हैं। अभी तक कोई आधिकारिक आरोप जारी नहीं किए गए हैं, न ही उनके वर्तमान स्थान या उनकी हिरासत के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण के बारे में कोई जानकारी दी गई है। उनकी गिरफ्तारी के बाद, चीनी




अधिकारियों ने "2025 ग्रामीण शासन क्रेडिट स्कोर विनिमय सम्मेलन" के बैनर तले मिनथांग क्षेत्र में एक अनिवार्य बैठक बुलाई। निवासियों को निर्देश दिया गया था कि प्रत्येक परिवार से कम से कम एक प्रतिनिधि का उपस्थित होना अनिवार्य है, जिससे अनुपस्थित रहने का विकल्प प्रभावी रूप से समाप्त हो गया। सभा के दौरान, अधिकारियों ने कथित तौर पर स्थानीय लोगों को "सामाजिक स्थिरता" के लिए हानिकारक माने जाने वाले कार्यों के खिलाफ चेतावनी दी, जिनमें संवेदनशील जानकारी साझा करना और अधिकारियों द्वारा अफवाह फैलाने के रूप में वर्णित गतिविधियों में शामिल होना शामिल था। उपस्थित लोगों को बताया गया कि राज्य के निदेशों का पालन न करने पर उनके ग्रामीण शासन क्रेडिट स्कोर में कटौती की जाएगी, जिससे संभावित रूप से वित्तीय दंड या अन्य प्रशासनिक परिणाम हो सकते हैं।

# इधर मिलने वाले थे ट्रंप-जेलेंस्की, उधर रूस ने कीव को मिसाइल और ड्रोन से दहलाया

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके यूक्रेनी समकक्ष वलोडिमिर जेलेंस्की के बीच बैठक से ठीक एक दिन पहले, चार साल से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए राजनयिक प्रयास जारी रहने के बीच, 27 दिसंबर की रात को कीव की राजधानी पर बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला हुआ, जिसमें यूक्रेनी राजधानी और आसपास के क्षेत्रों में कई विस्फोटों की खबर मिली। कीव इंडिपेंडेंट के अनुसार, निगरानी सूत्रों का हवाला देते हुए, राजधानी पर बड़े पैमाने पर बैलिस्टिक मिसाइल हमला हुआ, जिसमें रूस ने शहर पर कई किंझल हाइपरसोनिक मिसाइलें, चार इस्कंदर बैलिस्टिक मिसाइलें और कई कलिब्र क्रूज मिसाइलें दागीं।

कीव इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट के अनुसार,



राजधानी और आसपास के कीव ओब्लास्ट में कई धमाकों की आवाजें सुनी गईं। कीव से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित ब्रोवरी कस्बे में, इन धमाकों के कारण कस्बे और आसपास के इलाकों में बिजली गुल हो गई। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने टेलीग्राम पर एक पोस्ट में हमले की पुष्टि करते हुए निवासियों से आश्रय स्थलों में रहने का आग्रह किया।

राजधानी में विस्फोट हुए हैं। वायु रक्षा बल सक्रिय हैं। आश्रय स्थलों में सुरक्षित रहें! यूक्रेन की वायु सेना ने भी कई आपातकालीन अलर्ट जारी किए, जिनमें कीव और आसपास के क्षेत्रों में मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) की गतिविधि के बारे में चेतावनी दी गई थी। वायु सेना के अनुसार, कीव शहर के ऊपर और कीव क्षेत्र के कुछ हिस्सों में, जिनमें वेलिका डायमेरका के पास के क्षेत्र और पेरेयास्लाव गांव के पश्चिम में स्थित क्षेत्र शामिल हैं, दक्षिण की ओर बढ़ते हुए यूएवी देखे गए। चेर्निहिव क्षेत्र के दक्षिणी भाग में भी यूएवी गतिविधियों की सूचना मिली है, जो कीव ओब्लास्ट की ओर बढ़ रहे हैं।

# ताइवान की सीमा पर चीन की आक्रामकता, ADIZ में 12 विमानों की घुसपैठ, सेना अलर्ट



**ताइवान**

**ताइवान** ने शनिवार को द्वीप के आसपास चीनी सैन्य गतिविधियों की नई सूचना दी, जिसमें उसके हवाई क्षेत्र और जलक्षेत्र के पास कई चीनी विमान और नौसैनिक पोत देखे गए। एक्स पर एक पोस्ट में ताइवान के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक ताइवान के आसपास चीनी पीएलए विमानों के 13 चक्कर और पीएलएएन नौसैनिक पोतों के सात दृश्य देखे गए। मंत्रालय ने कहा कि 13 में से 12 विमान ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के उत्तरी और दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश कर गए। मानव संसाधन मंत्रालय ने यह भी कहा कि चीन ने शनिवार तड़के उपग्रहों का प्रक्षेपण किया। आज 00:07 बजे, चीन ने #रछउ से उपग्रह लॉन्च किए, जिनका उड़ान पथ मध्य ताइवान के ऊपर से होते हुए पश्चिमी प्रशांत महासागर की ओर था। इनकी ऊंचाई वायुमंडल से बाहर थी, इसलिए इनसे कोई खतरा नहीं था। ROCArmedForces ने इस प्रक्रिया पर नजर रखी और जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार हैं, पोस्ट में यह भी बताया गया।

यह ताजा गतिविधि एक दिन पहले रिपोर्ट की गई इसी तरह की गतिविधियों के बाद हुई है। शुक्रवार को, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसने सुबह 6 बजे तक द्वीप के आसपास चीनी सैन्य विमानों की दो उड़ानें, छह चीनी नौसैनिक पोत और दो चीनी गुब्बारे देखे थे।

# उत्तर पश्चिमी वाशिंगटन डीसी में गोलीबारी के बाद पांच लोग घायल

**वाशिंगटन**

**उत्तर**-पश्चिम डीसी में गोलीबारी की घटना हुई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए।

डीसी पुलिस विभाग ने बताया कि जांच जारी है और कई संदिग्धों की तलाश की जा रही है। एक्स पर कई पोस्ट में डीसी पुलिस विभाग ने बताया कि 5वीं और एन स्ट्रीट पर हुई गोलीबारी की जांच चल रही है और गहरे रंग की चार दरवाजों वाली सेडान कार में फरार हुए संदिग्धों की तलाश की जा रही है। हालांकि घायल हुए सभी पांचों




पुरुष होश में हैं और सांस ले रहे हैं, पुलिस ने बताया कि घटना की जांच जारी है। 5वीं और एन स्ट्रीट, एनडब्ल्यू के इलाके में गोलीबारी की जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में, चार वयस्क पुरुष पीड़ित होश में और सांस लेते हुए पाए गए हैं। कई संदिग्धों से सावधान रहें जो गहरे रंग की चार दरवाजों वाली सेडान कार में फरार हो गए हैं।

# रबर फैक्ट्री में कई लोगों पर चाकू से हमला, सिरफिरे युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**शिज़ुओका**

**पुलिस** ने शनिवार को मध्य जापान के योकोहामा रबर कंपनी के मिशिमा संयंत्र में हुए चाकू हमले के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जिसमें कुल 15 कर्मचारी घायल हो गए थे। क्योटो न्यूज के मुताबिक, मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि संदिग्ध की पहचान 38 वर्षीय मसाकी ओयामा के रूप में हुई है, जो पहले इसी कारखाने में काम करता था। यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 4:30 बजे (स्थानीय समय) हुई, जब एक आपातकालीन कॉल में कई लोगों को चाकू मारे जाने और संयंत्र के अंदर तरल पदार्थ फैलाए जाने की सूचना मिली। शिज़ुओका प्रांत के मिशिमा निवासी ओयामा वर्तमान में बेरोजगार हैं, और अधिकारियों को संदेह है कि उन्होंने आत्मरक्षा के लिए चाकू का इस्तेमाल किया, जिससे हत्या करने की प्रबल मंशा का संकेत मिलता है, जैसा कि क्योडो न्यूज ने बताया।

इस हमले में 20 से 50 वर्ष की आयु के कुल 15 पुरुष कर्मचारी घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। सभी होश में थे। क्योटो न्यूज के अनुसार, अग्निशमन विभाग ने बताया कि आठ लोगों को चाकू से गंभीर चोटें आईं, जबकि शेष सात लोग संभवतः तरल पदार्थ से प्रभावित हुए। सूत्रों ने पुष्टि की कि ओयामा पहले मिशिमा कारखाने में कार्यरत थे ।

# सीरिया में मस्जिद में नमाज के दौरान धमाका, भड़का मुस्लिम देश

**सीरिया**

**संयुक्त** अरब अमीरात ने मध्य सीरिया के होम्स शहर में एक मस्जिद पर हुए आतंकवादी बम विस्फोट की कड़ी निंदा की है, जिसमें कई निर्दोष नागरिकों की मौत और घायल हुए हैं। विदेश मंत्रालय (टङ्घक्ष्ण) ने एक बयान में इन आतंकवादी कृत्यों की संयुक्त अरब अमीरात की कड़ी निंदा और सुरक्षा एवं स्थिरता को कमजोर करने के उद्देश्य से की जाने वाली हिंसा और आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति अपने स्थायी विरोध को दोहराया है। मंत्रालय ने इस जघन्य हमले के पीड़ितों के परिवारों और सीरियाई अरब गणराज्य की सरकार और जनता के



प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त की है, साथ ही सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

सीरिया के इमाम अली इब्न अबी तालिब मस्जिद में हुए विस्फोट में कम से कम आठ लोग मारे गए और 18 घायल हो गए।

सीरियाई स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों का हवाला देते हुए रअठअ ने कहा कि प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, विस्फोट में आठ लोग मारे गए और 18 अन्य घायल हो गए। इसमें आगे बताया गया कि घायलों को होम्स के करम अल-लूज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसमें आगे बताया गया कि पीड़ितों को होम्स के करम अल-लौज अस्पताल में भर्ती कराया गया।

साना के अनुसार, गृह मंत्रालय ने कहा कि आंतरिक सुरक्षा इकाइयों को घटनास्थल पर तैनात किया गया और मध्य सीरिया के होम्स के वादी अल-दहाब जिले में मस्जिद के चारों ओर सुरक्षा घेरा स्थापित किया गया। संबंधित अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है और इस आपराधिक कृत्य के लिए जिम्मेदार लोगों को पकड़ने के लिए सबूत जुटाना शुरू कर दिया है। एक सुरक्षा सूत्र ने रअठअ को बताया कि प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि विस्फोट मस्जिद के अंदर लगाए गए विस्फोटक उपकरणों के कारण हुआ था। विस्फोट के तुरंत बाद, सीरियाई विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार की नमाज के दौरान मस्जिद में हुए इस आतंकवादी विस्फोट की कड़ी निंदा की, जिसमें कई निर्दोष नागरिकों की मौत और घायल हुए।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# 11 हजार इंजीनियर और 5 हजार डॉक्टर ने पाकिस्तान को बोला Bye-Bye, मुनीर की होने लगी थू-थू

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** में प्रतिभाओं का पलायन अपने अब तक के सबसे बुरे दौर में से एक का सामना कर रहा है, जहां बिगड़ती आर्थिक उथल-पुथल और राजनीतिक अस्थिरता के बीच सिर्फ दो वर्षों में हजारों डॉक्टर, इंजीनियर और लेखाकार देश छोड़कर जा रहे हैं। हाल ही में आई एक सरकारी रिपोर्ट ने इस वास्तविकता को उजागर कर दिया है, जिसमें कहा गया है कि पिछले 24 महीनों में पाकिस्तान ने 5,000 डॉक्टर, 11,000 इंजीनियर और 13,000 लेखाकार खो दिए हैं। इससे पाकिस्तानी सरकार का मजाक उड़ा रहे हैं और सेना प्रमुख आसिम मुनीर का उपहास कर रहे हैं,

जिन्होंने हाल ही में इस बड़े पैमाने पर पलायन को सकारात्मक रूप देने की कोशिश की और इसे प्रतिभा लाभ बताया। खोखर ने प्रवासन के आंकड़ों के साथ ट्वीट किया हालांकि, ठोस आंकड़े मुनीर के बड़े-बड़े दावों को झूठा साबित कर रहे हैं। इस रिपोर्ट को पूर्व पाकिस्तानी सीनेटर मुस्तफा नवाज खोखर ने प्रमुखता से उठाया।

# न्यू ईयर पर दहल जाता तुर्की! इस्लामिस्क स्टेट के 115 आतंकी गिरफ्तार

**तुर्की**

**तुर्की** सुरक्षा बलों ने क्रिसमस और नए साल के समारोहों के आसपास संभावित हमलों की योजना से जुड़े राष्ट्रव्यापी अभियानों के दौरान आईएसआईएस आतंकवादी समूह के 115 संदिग्ध सदस्यों को हिरासत में लिया है। इस्तांबुल अभियोजक कार्यालय द्वारा गुरुवार को जारी एक बयान के अनुसार, जांचकर्ताओं द्वारा यह पता चलने के बाद कि आईएसआईएस के आतंकवादी साल के अंत की छुट्टियों के दौरान तुर्की में हमले करने की तैयारी कर रहे थे, 137 संदिग्धों के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए।

अभियोजकों ने कहा कि खुफिया जानकारी से पता चलता है कि यह समूह आगामी त्योहारों के दौरान देश को निशाना बना रहा था, विशेष रूप से गैर-मुस्लिम व्यक्तियों को। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार,



अधिकारियों ने यह भी कहा कि संदिग्ध आतंकवादी संगठन से जुड़ी गतिविधियों के तहत संघर्ष क्षेत्रों के संपर्क में थे। बयान में कहा गया है कि ऐसी जानकारी मिली है कि आईएसआईएस सशस्त्र आतंकवादी संगठन आगामी क्रिसमस और नए साल के कार्यक्रमों के दौरान हमारे देश, विशेष रूप से गैर-मुस्लिम व्यक्तियों को निशाना बनाकर कार्रवाई करने की योजना बना रहा था। पुलिस ने तुर्की के विभिन्न हिस्सों में 124 स्थानों पर समन्वित छापेमारी की। इन अभियानों के दौरान, सुरक्षा टीमों ने पिस्तौल, गोला-बारूद और ऐसे दस्तावेज जब्त किए, जिनके बारे में माना जाता है कि वे इस समूह की गतिविधियों से जुड़े हैं। वारंट में नामित शेष 22 संदिग्धों का पता लगाने और उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास जारी हैं।

तुर्की आमतौर पर साल के अंत में आतंकवाद विरोधी उपायों को बढ़ा देता है, खासकर 2017 में नव वर्ष समारोह के दौरान इस्तांबुल के रीना नाइटक्लब में हुए आईएसआईएस के घातक हमले के बाद, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए थे।